16- APR- COR- MAIN- Pg- 1 FULL PAGE_Layout 1 4/16/2024 8:55 PM Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024



संकल्प पत्र डाउनलोड करने हेतु QR Code को स्कैन करें



# भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी

## संकल्प पत्र - 2024



### गरीब की सेवा

- अगले 5 वर्षों तक मुफ्त राशन जारी रहेगा
- दाल, खाद्य तेलों और सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनकर गरीब की थाली को सुरक्षित करेंगे
- हर घर तक नल से पीने का साफ पानी पहुंचेगा और पीएम सूर्य घर योजना से बिजली का बिल होगा जीरो



### किसान का सम्मान

- पीएम किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना जारी रहेगी
- MSP में समयबद्ध वृद्धि करना हमारी प्रतिबद्धता है, बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाएंगे
- श्री-अन्न (Millets) को सुपर फूड की तरह स्थापित करेंगे, पीएम मत्स्य संपदा योजना और डेयरी सहकारी समितियों का विस्तार करेंगे



### नारी-शक्ति का वंदन

- 3 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे
- गृहिणी की रसोई तक पाइप से गैस पहुंचाएंगे, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल और शिशुगृह की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे
- स्वयं सहायता समूहों को सर्विस सेक्टर से जोड़कर आय के नए अवसर उपलब्ध कराएंगे
- नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू कर लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेंगे



### मध्यम वर्ग के साथ

- मध्यम वर्गीय परिवार के अपने घर का सपना होगा पूरा
- अस्पतालों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं सेकेंडरी स्वास्थ्य संस्थानों में सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे
- स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, नए शिक्षण संस्थान और जीवन आसान बनाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार करेंगे



### निवेश से युवाओं को रोजगार के अवसर

- युवाओं के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर, निवेश, मैन्युफैक्चरिंग, हाई-वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के माध्यम से लाखों रोजगार के अवसर पैदा करेंगे
- रोजगार-स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण की राशि को दोगुनी कर ₹20 लाख करेंगे
- पेपर लीक कानून लागू करके सरकारी भर्तियों को पारदर्शी बनाएंगे, उच्च शिक्षा के नए संस्थानों की स्थापना करेंगे



### सुशासन से समृद्ध भारत

- हम भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गारंटी देते हैं
- हम भारतीय न्याय संहिता को लागू करेंगे
- हम एक देश - एक चुनाव और कॉमन मतदाता सूची की व्यवस्था लाएंगे
- संविधान के अनुच्छेद 44 के अनुसार समान नागरिक संहिता लागू करेंगे



### श्रमिक को सशक्त

- ट्रक ड्राइवरों के लिए नई योजना शुरु करके हाई-वे पर उनके लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित करेंगे
- गिग वर्कर, घरेलू कामकाजी श्रमिक, रेहड़ी पटरी श्रमिक सहित अन्य श्रमिक वर्ग को ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से सशक्त करेंगे



### मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनेंगे

- भारत को मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाएंगे इससे लाखों रोजगार सृजित होंगे
- स्टील, सीमेंट, एल्युमिनियम, रेलवे, रक्षा, फार्मास्युटिकल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, मोबाइल, सेमीकंडक्टर सहित अनेक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने की गारंटी देते हैं



### वंचित को वरीयता

- पीएम स्वनिधि और विश्वकर्मा योजना का विस्तार कर OBC, SC और ST समुदाय के लिए रोजगार के अवसरों का विस्तार करेंगे
- वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति सुनिश्चित करेंगे
- मछुआरों के जीवन से जुड़ी हर बात जैसे नाव का बीमा, मछली प्रसंस्करण इकाई, सैटेलाइट द्वारा समय पर जानकारी इत्यादि पर विशेष ध्यान देंगे



### विरासत और विकास

- अयोध्या नगरी का सर्वांगीण विकास करेंगे, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर अन्य धार्मिक स्थलों का विकास करेंगे
- योग, आयुर्वेद, भारतीय भाषाओं, शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विश्वभर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना करेंगे



### इन्फ्रास्ट्रक्चर से सुदृढ़ अर्थव्यवस्था

- भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाएंगे
- एक्सप्रेस-वे नेटवर्क को 15 हजार किमी तक विस्तारित करने के साथ-साथ हम नये एयरपोर्ट, राजमार्ग, वाटर मेट्रो की सुविधाओं को बढ़ाएंगे
- रेलवे में नई पटरियां, नई वन्दे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों को बढ़ायेंगे और विश्वस्तरीय स्टेशन बनायेंगे, रेल टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करेंगे
- पूर्वी भारत और उसके तटीय और पहाड़ी क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक समर्पित पूर्वोदय मास्टर प्लान तैयार करेंगे



### वरिष्ठ नागरिक

- वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत के अंतर्गत शामिल कर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा देंगे
- वरिष्ठ नागरिकों की तीर्थ यात्रा के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू करेंगे

## फिर एक बार मोदी सरकार

## कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

Published by: Bharatiya Janata Party, 6 A, Pandit Deen Dayal Upadhyaya Marg, New Delhi

## खबर संक्षेप

### जेसीसीजे युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का भाजपा प्रवेश

**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को हजारों कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन दाखिल किया तथा नामांकन रैली में शामिल आमजनों को संबोधित किया। इस दौरान मंच में उपस्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं अनेक मंत्रियों और विधायकों की उपस्थिति में क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू ने सोमवार को भाजपा के विचारधारा से प्रभावित होकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान श्री साहू ने कहा, आज देश मोदीजी के सुरक्षित हाथों में हैं और हमारा छत्तीसगढ़ विष्णुदेव साय के मजबूत नेतृत्व के साथ आगे बढ़ रहा है। इस दौरान श्री साहू को भगवा गमछा पहनाकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने पार्टी में प्रवेश कराया।

### धूमधाम से मनाया संत कंवरराम जन्मोत्सव

**रायपुर।** एसएसडी धाम अमलीडीह में संत साईं कंवरराम साहिब का जन्मोत्सव मेला धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शर्बत एवं प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पूरा एसएसडी परिवार एवं सभी धर्मप्रेमी शामिल हुए। रात को भगत साहिब के सत्संग के बाद केक काटा गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी एवं कार्यकारिणी सदस्यों समेत सिंधुजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### प्रशिक्षु आईएएस ने किया पदभार ग्रहण

रायपुर। जिला प्रशासन को एक और प्रशिक्षु आईएएस मिली हैं। बतौर सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद ने सोमवार को कलेक्टोरेट में अपनी ज्वाइनिंग दी। मूलतः अल्पपूझा जिला केरला की रहने वाली अनुपमा वर्ष 2023 बैच की प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी हैं। इन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, तिरुवनंतपुरम केरल से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की शिक्षा ग्रहण की है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने अनुपमा आनंद को पुष्पगुच्छ देकर पदभार ग्रहण कराया।

### तीर्थयात्रा पर गए बैंक कर्मचारी के घर चोरी

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक प्राइवेट बैंक के कर्मचारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ 35 हजार रुपए कैश सहित एक लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र नगर सेक्टर-2 निवासी अजीत कुमार मिश्रा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अजीत ने पुलिस को बताया कि वह 10 अप्रैल को अपने पूरे परिवार के साथ तीर्थयात्रा करने जगन्नाथपुरी गए थे। 14 अप्रैल को उसे उसके मकान मालिक ने चोरी होने की जानकारी दी। अज्ञात चोर सूटकेस में रखी नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गए।

# बस्तर के अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए तीन दिन पहले ही मतदान दल कैंप में पहुंचा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान दलों को मतदान के तीन दिन पूर्व रवाना कर मतदान केंद्र के समीप बनाए गए कैंप में सुरक्षित पहुंचाया गया। बस्तर लोकसभा के पहुंच विहीन क्षेत्रों में स्थित बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिले के 56 मतदान केंद्रों में 336 मतदान कर्मियों को हेलीकाप्टर के जरिए पहुंचाया गया।

बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को चुनाव कराने पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। नक्सल क्षेत्र में मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से कैंप तक पहुंचाया गया। कोंटा, बीजापुर और नारायणपुर के कुछ क्षेत्रों में तीन दिन पहले मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया। वहीं बुधवार को करीब 100 मतदान दलों को भेजा जाएगा। इनमें दंतेवाड़ा, कोंडागांव, कोंटा, नारायणपुर के मतदान केंद्रों के लिए 583 कर्मी शामिल हैं। सुकमा जिले के कोंटा विधानसभा के मतदान केंद्र 196 के मतदाताओं को 18 किमी. पैदल चलकर मतदान केंद्र मुर्लिगुदा में मतदान करना होगा। यहां नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग लगाए जाने के कारण वाहनों का इंतजाम नहीं किया जा सकता। नक्सली भी नहीं चाहते कि ग्रामीण यहां मतदान करने पहुंचें। ऐसे में सुरक्षा बलों के इंतजाम से ग्रामीण यहां पैदल ही मतदान करने पहुंचने का प्रयास करेंगे।

बस्तर लोकसभा के 250 मतदान केंद्रों को चुनाव आयोग ने सुरक्षा कारणों से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है। बस्तर के 6 जिलों के 156 मतदान केंद्रों तक 1009 मतदान दलों को पहुंचाने

### एमआई हेलीकाप्टर से पहुंचाए गए 56 मतदान केंद्रों के 336 कर्मी



चुनाव आयोग ने एमआई हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की है। हेलीकॉप्टरों की लैंडिंग के लिए 44 हेलीपेड बनाए गए हैं। मतदान दलों को दो दिन पहले रवाना किया जाएगा। मतदान के एक दिन बाद ये दल लौटेंगे। इनकी निगरानी के लिए माइक्रो आब्जर्बर नियुक्त किए जाएंगे। वेबकास्टिंग के जरिए भी इन बूथों की मॉनिटरिंग की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि बस्तर में आपात स्थिति में मतदान कर्मी या जवानों को बेहतर इलाज के लिए शिफ्ट करने दो एयर एंबुलेंस तैयार रहेंगे। इनमें एक हेलीकॉप्टर और एक चार्टर प्लेन शामिल है। दोनों जगदलपुर पहुंच चुके हैं, 21 अप्रैल तक यहीं रहेंगे। हादसे में जख्मी मतदान कर्मी या जवानों को रायपुर से बाहर मेट्रो सिटी में शिफ्ट करना पड़ा, तो उसके लिए एयर एंबुलेंस के रूप में एयरफोर्स का चार्टर प्लेन 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेगा।

उन्होंने बताया कि पहले चरण के मतदान के लिए 1961 बूथ बनाए गए हैं। अतिसंवेदनशील क्षेत्र के 250 से ज़्यादा मतदान केंद्रों को शिफ़्ट किया गया है। मतदान के लिए मंगलवार से मतदान कर्मियों को रवाना किया गया है। तीन दिन पहले मतदान कर्मियों को रवाना करने का प्रावधान किया गया है। सुरक्षा कर्मी से लेकर मतदान कर्मी या फिर अन्य कर्मचारी मिलाकर लगभग 50,000 कर्मचारी यहां मतदान कराएंगे।

#### बस्तर लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था

बस्तर संभाग के सभी 12 जिले नक्सल प्रभावित जिले माने जाते हैं। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था टाइट रखने के लिए पूरे क्षेत्र में 1 लाख से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है।

#### बस्तर में 19 अप्रैल को मतदान

बस्तर लोकसभा सीट पर कांग्रेस से छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा और भाजपा से महेश कश्यप आमने सामने हैं। महेश कश्यप की आदिवासियों के बीच अच्छी पैठ मानी जाती है। कांग्रेस के कवासी लखमा की नक्सल क्षेत्र में आदिवासियों के बीच अच्छी पकड़ है।

### अब सरकार ने जारी किया निर्देश का ब्योरा

# अनुकंपा नियुक्ति देने में देर की वजह सरकार ने पकड़ी मूल विभाग परिवार को एक माह में नहीं देते जानकारी

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

छत्तीसगढ़ में शासकीय कर्मियों के सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो जाने पर उनके परिजनों, आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति मिलने में देर क्यों होती है? इस सवाल का जवाब सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग को मिल गया है। दरअसल शासन के ध्यान में यह बात आई है कि दिवंगत शासकीय सेवक के कार्यालय प्रमुख या नियुक्तिकर्ता अधिकारी संबंधित कर्मी के आश्रित परिवार को नियुक्ति संबंधी जानकारी एवं निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप एक माह में उपलब्ध नहीं कराते, इसकी वजह से आवेदक को समय पर अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल पाती।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने अनुकंपा नियुक्त के संबंध में जारी कई अलग-अलग निर्देशों को एवं उसमें समय-समय पर हुए संशोधनों के शामिल करते हुए निर्देशों का अपडेट जारी किया है। इसे सरकार के सभी विभागों, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त और सभी कलेक्टरों को भेजा गया है।

### सभी शासकीय विभागों पर होगा लागू, अनुकंपा नियुक्ति की लिमिट 25 प्रतिशत



अनुसूचित क्षेत्रों में पदस्थी के के दौरान शासकीय सेवक का निधन होने पर उसके परिवार के आश्रित सदस्य को विभाग में तृतीय श्रेणी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाकर 25 प्रतिशत किया गया था। यह प्रावधान वर्तमान में प्रभावशील है। यदि दिवंगत शासकीय सेवक की विधवा पत्नी द्वारा स्वयं के स्थान पर परिवार के वयस्क सदस्य को व्यस्क होने पर अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की जाए तो नियोक्ता द्वारा उनसे अंतरिम आवेदन प्राप्त किया जाएगा। इसका मतलब ये है कि दिवंगत शासकीय सेवक की पत्नी स्वयं अनुकंपा नहीं लेना चाहती हो और परिवार में कोई अन्य वयस्क पात्र सदस्य न हो तो, ऐसी स्थिति में अवयस्क सदस्य को उसके वयस्क होने पर अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकेगी।

#### तो नियुक्ति होगी निरस्त

सरकार ने साफ किया है कि अनुकंपा नियुक्त शासन द्वारा दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार को तातकालिक आर्थिक सहायता के रूप में दी जाती है। इसमें इच्छानुसार पद श्रेणी पर नियुक्ति दिया जाना आवश्यक नहीं है। संभागीय आयुक्त से आवेदन जिला कलेक्टर को प्रकरण प्राप्त होने पर उनके अधीनस्थ कार्यालयों में निर्धारित सीमा के भीतर तृतीय श्रेणी का पद खाली न हो तो ऐसी स्थिति में आवेदक को चतुर्थ श्रेणी के खाली पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। आदेश में ये साफ लिखा होगा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर अनुकंपा नियुक्त का आदेश स्वमेव निरस्त माना जाएगा तथा प्रकरण निराकृत माने जाएंगे।

# कांग्रेस और भूपेश को जनता ने नकारा, पूर्व मुख्यमंत्री का अब अपने भी छोड़ रहे साथ

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जाने के बाद जहां कांग्रेस जनता के मन से उतरी है, वहीं भूपेश बघेल भी जनता के साथ-साथ कार्यकर्ताओं और अब परिवार के लोगों के मन से भी उतर गए हैं। उनकी भाभी सीमा बघेल ने भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में प्रवेश कर लिया है।

श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस द्वारा महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने के नाम पर जो फार्म भरवाया जा रहा है, उसे बस्तर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने झूठा बताया है। इससे कांग्रेस का झूठ सबके सामने आ गया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, भूपेश सरकार के धत्कर्मों और भ्रष्टाचार ने प्रदेशवासियों के मन में गहरा आघात किया है। झूठ-फरेब की राजनीति और वादाखिलाफी के साथ-साथ भ्रष्टाचार व घोटालों के सरताज भूपेश बघेल की सरकार से बुरी तरह त्रस्त जनता ने 75 पार का नारा देने वाली कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने 35 सीटों पर ला पटका। इधर सरकार जाने के बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने खुलकर भूपेश बघेल के खिलाफ जंगी मोर्चा खोल दिया। श्री श्रीवास्तव ने कहा, बिलासपुर एवं जगदलपुर की महापौर क्रमशः वाणी राव एवं सफिरा साहू ने कहा, कांग्रेस की सरकार में महिलाओं का कोई सम्मान नहीं हुआ। महिलाओं से किए गए सारे वादों से कांग्रेस मुकर गई। महिलाओं को 500 देने की बात, चार सिलेंडर देने की बात, महिला स्वसहायता समूहों के कर्जा माफी की बात झूठ साबित हुई।

# हॉलमार्क के पंजीयन बगैर हजारों सराफा कारोबारी सालभर से कर रहे जेवर बेचने का अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के हजारों सराफा कारोबारी हॉलमार्क का पंजीयन कराए बिना ही पिछले सालभर से खुलेआम जेवर बेचने का अवैध कारोबार कर रहे हैं। एक साल बाद भी दस हजार से ज्यादा कारोबारियों में से महज ढाई हजार ने ही अब तक पंजीयन कराया है। ज्यादातर बड़े कारोबारियों ने तो पंजीयन करा लिया है, लेकिन छोटे कारोबारी जिनका कारोबार 50 लाख से कम है और जो जीएसटी के दायरे में भी नहीं आते, वो पंजीयन कराने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जबकि पिछले साल एक अप्रैल से हर तरह की सोने की ज्वेलरी पर हॉलमार्क जरूरी कर दिया गया है।

जिन कारोबारियों ने पंजीयन नहीं कराया है, वे जेवर और सोना नहीं बेच सकते, लेकिन फिर भी बिना रोक-टोक ऐसे कारोबारी अवैध कारोबार कर रहे हैं। इन पर कार्रवाई न होने के कारण ये खुलेआम बिना पंजीयन के कारोबार कर रहे हैं। पंजीयन कराने का कोई शुल्क न होने के बाद भी जेवर बेचने वाले कारोबारी इस उम्मीद में पंजीयन कराने से बचते रहे हैं कि सरकार जेवर बेचने वाले कारोबारियों के लिए पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त कर देगी। इसके लिए बीते साल केंद्रीय मंत्री को पत्र भी लिखा गया था, लेकिन सालभर में इस पर कोई फैसला न होने के बाद भी कारोबारी पंजीयन ही नहीं करा रहे हैं।

### प्रदेश में दस हजार से ज्यादा कारोबारी, पंजीयन महज ढाई हजार का



जेवर बेचने वालों के लिए भी हॉलमार्क में पंजीयन कराना जरूरी होने के बाद भी अपने राज्य में 75 फीसदी ने अपना पंजीयन कराया ही नहीं है। यानी महज 25 फीसदी का ही पंजीयन हो सका है। प्रदेश में दस हजार से ज्यादा सराफा कारोबारी हैं, जो सोने के जेवर बेचने का काम करते हैं। राजधानी रायपुर में ही दो हजार से ज्यादा कारोबारी हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के 602 सदस्य हैं। इन सबका तो पंजीयन हो गया है, लेकिन इसके अलावा भी छोटे मोहल्लों और कालोनियों में कई ज्वेलर्स ऐसे हैं जो एसोसिएशन के सदस्य नहीं हैं और अपना कारोबार करते हैं, वे पंजीयन कराने में गंभीर नहीं हैं। इसी तरह की स्थिति पूरे राज्य में है। हॉलमार्क के प्रदेश में चार जिलों में दस सेंटर हैं। राजधानी रायपुर में छह, दुर्ग में दो और राजनांदगांव और बिलासपुर में एक-एक सेंटर है। इन सेंटर के सौ किलोमीटर के दायरे में आने वाले सराफा कारोबारी अपना पंजीयन करा सकते हैं।

#### अवैध कारोबार की आशंका

प्रदेश में पंजीयन न कराने वाले कारोबारियों द्वारा अवैध कारोबार किए जाने की आशंका से सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी भी इनकार नहीं करते। इनका कहना है कि प्रदेश के हर कारोबारी को अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना चाहिए, क्योंकि पंजीयन का जब कोई शुल्क नहीं है, तो फिर पंजीयन कराने में हर्ज क्या है। पंजीयन न कराने वालों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, लेकिन हॉलमार्क से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि देर सवेर बिना पंजीयन वाले कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इन अधिकारियों के पास भी इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि वास्तव में प्रदेश में कितने कारोबारी हैं।

# रामनवमी पर सवा करोड़ हनुमान चालीसा का महापाठ

हरिभूमि न्यूज : रायपुर।

हनुमान पाठ महासमिति द्वारा रामनवमी के मौके पर राजधानी रायपुर सहित देशभर में 17 अप्रैल को सवा करोड़ हनुमान चालीसा महापाठ का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी के बूढ़ापारा स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स मैदान पर शाम 7 बजे 15 हजार श्रद्धालु एक साथ जयकारों के साथ हनुमान चालीसा का महापाठ करेंगे। कार्यक्रम के राष्ट्रीय सचिव शिवनारायण मूंदड़ा, मुकेश शाह ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में इसकी जानकारी दी। पत्रकारों से चर्चा में मुकेश शाह ने बताया, कार्यक्रम स्थल पर शाम 6 बजे से पंडित विजयशंकर मेहता का हनुमान जी के जीवन में की गई 8 छलांगों पर केन्द्रित व्याख्यान होगा। रामनवमी के अवसर पर देश के अनेक शहरों, नगर और कस्बों के सार्वजनिक स्थलों, सामुदायिक व सामाजिक भवनों तथा धार्मिक स्थलों पर एक ही समय में एक ही दिन हनुमान चालीसा महापाठ का आयोजन होगा। पिछले 15 सालों से यह आयोजन किया जा रहा है।

**4 प्रवेश द्वार, 20 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था-** सृजन संस्थान, जीवन प्रबंधन समूह रायपुर और हनुमान महापाठ समिति द्वारा आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा महापाठ के आयोजन में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये 4 प्रवेश द्वार बनाये जा रहे हैं। प्रत्येक द्वार पर भारतीय परंपरा अनुसार श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर प्रसाद दिया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर करीब 15 से 20 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।

# पार्किंग व्यवस्था सुधारने ऑटो महासंघ ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन में पार्किंग अव्यवस्था को लेकर सोमवार को शहर ऑटो महासंघ ने डीआरएम ऑफिस का घेराव करते हुए सिस्टम को सुधारने ज्ञापन सौंपा। ऑटो संघ के अध्यक्ष कमल पांडेय ने कहा कि स्टेशन में पार्किंग नियमों का पालन नहीं होने से लोगों को काफी असुविधा है। संघ ने पार्किंग ठेकेदार के खिलाफ अवैध वसूली का भी आरोप लगाया है। इस पूरे मामले में डीआरएम ने ठेकेदार और ऑटो संघ से एक साथ बातचीत कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। पार्किंग ठेकेदार का कहना है कि पार्किंग नियम सभी के लिए एक सामान है। ऑटो चालक अगर बिना पर्ची स्टेशन परिसर में प्रवेश करते हैं, तो निर्धारित शुल्क देना होगा। इसके अलावा 7 मिनट से अधिक होने से तय शुल्क वसूला जाएगा। आम लोगों और ऑटो चालकों के लिए एक नियम है। रेलवे के अधिकारी भी पिक एंड ड्राप सिस्टम शुरू होने के बाद औचक जांच कर रहे हैं। शिकायतों पर सीसीटीवी फूटेज के जरिए जांच की जा रही है। शहर आटो टैक्सी चालक महासंघ का कहना है कि स्टेशन में यात्रियों को पहुंचाने ऑटो और ई-रिक्शा चालक दिन में कई बार आते-जाते रहते हैं। उनके साथ भी ठेकेदार के लोग गुंडागर्दी कर विवाद करते हैं।









# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


कलपर के जंगल में अष्टमी की दोपहर हुई मुठभेड़, शव बरामद, भारी मात्रा में हथियार भी मिले

मुठभेड़ में बीएसएफ के एक इंस्पेक्टर व एक डीआरजी जवान को मामूली चोट

## नक्सलियों पर फोर्स का सबसे बड़ा अटैक

# मार गिराए 29

## इनमें टॉप कमांडर भी

*लोकसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच कांकेर के कलपर में बीएसएफ व डीआरजी की संयुक्त टीम ने 29 नक्सली मार गिराए। सर्चिंग के दौरान इस टीम की नक्सलियों की एक टुकड़ी के साथ मंगलवार को दोपहर आमना-सामना हुआ। मुठभेड़ के बाद जवानों ने 29 नक्सलियों के शव और एके 47, इंसास, कार्बाईन व 303 रायफल सहित लगभग 10 से 15 हथियार जब्त किए हैं। नक्सल इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जिसमें नक्सलियों को इतना नुकसान उठाना पड़ा है। मारे गए नक्सलियों में टॉप कमांडरों में से एक शंकर राव भी शामिल है।*



**कांकेर में सफल एंटी नक्सल ऑपरेशन पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों को बधाई दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हरिभूमि खास

कांकेर पुलिस को इनपुट मिला कि नार्थ सब डिविजन ब्यूरो सचिव एवं एसजेडसीएम रामकृष्ण उर्फ कमलेश अपने लगभग 30 नक्सलियों के साथ थाना छोटेबेठिया क्षेत्रांतर्गत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल (थाना छोटेबेटिया लगभग 15 किमी. पूर्व दिशा) में मौजूद है। इसकी जानकारी मिलने पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलेसिला ने पुलिस महानिरीक्षक सुंदराज पी. और डीआईजी केएल ध्रुव से मार्गदर्शन लेकर बीएसएफ के उच्च अधिकारियों से संवाद करके बीएसएफ और पखांजुर की डीआरजी टीम को कलपर इलाके के लिए रवाना ▶▶| शेष पेज 3 पर





### तीन तरफ से घेरे गए नक्सली

संयुक्त टीम के चक्कर में नक्सली तीन तरफ से घिर गए और संयुक्त टीम की जवाबी फायरिंग लगभग दो घंटे तक चली। नक्सलियों की ओर से गोली की आवाज आना बंद हुई तो संयुक्त टीम ने घटनास्थल की ओर बढ़ना शुरू किया। सर्चिंग के दौरान नक्सलियों के शव को देखकर पुलिस लगातार आगे बढ़ती रही और उनके हथियार व शव को एक जगह एकत्र करना शुरू किया।

### 29 के शव और हथियार बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलेसिला ने हरिभूमि को बताया कि अभी तक टीम वापिस नहीं आई है और अभी तक जो इनपुट मिला है, उसके तहत नक्सलियों के 29 शव और 15 हथियार बरामद हो चुके हैं, हथियार में कर्बाईन, एके 47, इंसास और 303 रायफल शामिल है। नक्सली शव में डीवीसी सदस्य शंकर राव और डीवीसी सदस्य ललिता की पहचान जवानों ने किया है।

## सुकमा, बीजापुर और कांकेर में 3 माह में 79 नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** फोर्स लगातार नक्सलियों पर अपना शिकंजा कसते जा रही है। बीते तीन माह की बात करें तो अभी तक फोर्स ने 79 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। टीसीओसी के दौरान नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा एनकाउंटर कांकेर में मंगलवार सुबह हुआ, जिसमें संयुक्त सुरक्षाबलों ने 25 लाख के इनामी नक्सली कमाण्डर शंकर राव समेत 29 नक्सली को मार गिराया। इससे पूर्व बीजापुर में सप्ताह भर पहले एक ही दिन में सुरक्षाबलों ▶▶| शेष पेज 3 पर

### चलाया जा रहा सर्चिंग आपरेशन

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बस्तर संभाग में लगातार सर्चिंग आपरेशन चलाया जा रहा है। पिछले तीन माह के अंतराल में बीजापुर, कांकेर व सुकमा जिले में 79 नक्सली को ढेर किया जा चुका है। कांकेर के छोटेबेठिया इलाके में हुए मुठभेड़ में 3 जवान घायल हुए हैं, ▶▶| शेष पेज 3 पर

हरिभूमि से गृहमंत्री विजय शर्मा की सीधी बातचीत

## गृहमंत्री बोले-हम शांति चाहते हैं, चाहे उसके लिए कुछ भी करना पड़े



**रायपुर।** प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने हरिभूमि से सीधी बातचीत में कहा, इतिहास में पहली बार हमारे सुरक्षा बलों के जवानों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया है। इसके पहले कभी भी इतनी बड़ी सफलता नहीं मिली थी। श्री शर्मा से हुई सीधी बातचीत।

***सवाल- क्या पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए हैं?***

जवाब- इतिहास में पहली बार है कि इतनी बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए हैं। हमारे जवानों ने नक्सलियों की माद में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक किया है। हमारी सरकार किसी भी हाल में बस्तर में शांति बहाली चाहती है और बस्तर का विकास चाहती है। बस्तर के विकास के लिए हम कुछ भी करने के लिए तैयार हैं।

***सवाल- नक्सलियों से चर्चा के लिए क्या अब भी तैयार हैं?***

जवाब- जरूर हम बस्तर में शांति के लिए चर्चा के लिए तैयार हैं। हर हाल में खून खराब रूकना चाहिए। इसके लिए हमारी सरकार नक्सलियों से बात करने के लिए तैयार है। इसके लिए माध्यम चाहे कोई भी हो, चाहे वह मीडिया माध्यम हो या और कोई माध्यम हो। हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं।

**फैक्ट फाइल**

- **अब तक के सबसे बड़े एनकाउंटर में 29 नक्सली मारे गए**
- **नक्सलियों पर करोड़ों का था इनाम घोषित**



## यह देश की सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक, तीन साल पहले गढ़चिरौली में मारे थे 27

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

हरिभूमि तत्काल

*कांकेर जिले में पुलिस ने 29 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस ने सभी के शव बरामद कर लिए हैं। देश में नक्सलियों के खिलाफ अब तक जितने भी ऑपरेशन हुए है उन सभी में यह अब तक की सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक है। ऐसा पहली बार है जब 29 के शव बरामद हुए हैं। इससे पहले महाराष्ट्र के गढ़ चिरौली में तीन साल पहले 27 नक्सली मारे गए थे। इसी तरह ओडिशा के रामगढ़ में हुई मुठभेड़ में 27 नक्सलियो को मारने का रिकार्ड बना था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कल्याण एलेसेला का दावा है कि देश में पहली बार किसी* ▶▶| शेष पेज 3 पर

### *2019 में हुई थी मुठभेड़*

*महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 27 नक्सली मारे गए थे। यह घटना महाराष्ट्र का पूर्वी जिला गढ़चिरौली मुंबई से 900 किलोमीटर से अधिक दूरी पर हुई थी। वर्ष 2021 में हुई इस घटना में सी-60 पुलिस कमांडो दल ने कोर्ची के मर्दिनटोला वन क्षेत्र में तलाश अभियान शुरू किया था, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई थी। मृतकों में नक्सलियों के एक प्रमुख नेता के भी शामिल होने की बात सामने आई थी।* ▶▶| शेष पेज 3 पर

### ओडिशा में मारे गए थे 24 नक्सली

*आंध्र प्रदेश की सीमा से कुछ किलोमीटर दूर ओडिशा के मलकानगिरी जिले में जंत्री के पास आंध्र प्रदेश और ओडिशा पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के चौबीस सदस्य मारे गए। थे। यह घटना अक्टूबर 2016 में हुई थी। इसे क्षेत्र में माओवादी पार्टी को हुई यह सबसे बड़ी क्षति माना गया था। आंध्र और ओडिशा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 24 माओवादियों की मौत की पुष्टि हुई थी। मृतकों में सात महिला और 17 पुरुष नक्सली शामिल थे।*




16- APR- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 4/16/2024 9:58 PM Page 1



## चिंतन

# नक्सलवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई जरूरी

नक्सलवाद राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ बड़े एक्शन को अंजाम दिया है। यह सरकार की ओर से दो टूक संदेश है कि नक्सलवाद के खिलाफ अभियान नहीं रुकेंगे, चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ियों के बारे में नक्सली सोचे भी नहीं और नक्सलवाद के दिन गिने चुने ही बचे हैं। इस एक्शन से बस्तर जैसे नक्सली क्षेत्र में लोगों का डर कम होगा और लोग चुनाव में खुलकर भाग लेंगे। हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अगले तीन साल में नक्सलवाद का खात्मा कर देगी। ऐसे अभियान इसी संकल्प के फलित हैं। देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ सरक्षा बलों के ऑपरेशन्स चलते रहते हैं। किसी भी मांग के लिए हिंसा का रास्ता सही नहीं हो सकता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी का अहिंसक आंदोलन इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। लोकतांत्रिक प्रणाली में सुधार व बदलाव एक सतत प्रक्रिया है, यह सिस्टम में रहकर आसानी से किया जा सकता है, लेकिन परिवर्तन की यूटोपियाई कल्पना को साकार करने के लिए अंध हिंसा का मार्ग अंधकार के गर्त में ही ले जाएगा। अपने ही राष्ट्र के बेकसूर लोगों के खिलाफ हिंसा हमेशा अस्वीकार्य है। पश्चिंम बंगाल के दार्जीलिंग क्षेत्र के नक्सलबाड़ी से वर्ष 1967 में शुरू नक्सलवाद वर्ष 2024 तक एक आंदोलन समूह से हिंसक गुट में बदल चुका है। भारत करीब छह दशक से नक्सलवाद से प्रभावित है तो चार दशक से आतंकवाद से। नक्सलवाद के चलते सैकड़ों सुरक्षा बलों व बेकसूर नागरिकों की जान गई है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल ने नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में पुलिस ने घोषणा की है कि जो लोग नक्सलियों की गिरफ्तारी या उनके मारे जाने में पुलिस की मदद करेंगे उन्हें आरक्षक के रूप में भर्ती किया जाएगा तथा पांच लाख रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ सरकार की दृढ़ता को दर्शाता है। नक्सली 2017-18 से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (एमएमसी-जोन) के ट्राई-जंक्शन जंगल में अपना नया आधार स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें बालाघाट (मध्य प्रदेश), गोंदिया (महाराष्ट्र) और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, मुंगेली और कबीरधाम जिले शामिल हैं। माओवादियों का 'विस्तार प्लाटून' एमएमसी जोन में अपनी गतिविधियों के विस्तार की देखरेख कर रहा है। आजकल देश में अर्बन नक्सलिज्म यानी शहरी नक्सलवाद जैसे शब्द भी चल रहे हैं, जो वैचारिक विरोध के अर्थ में वामपंथी विचारकों व नक्सलियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों के लिए प्रयुक्त हो रहे हैं। देश में वर्ष 2004 से नक्सलवाद तीसरे चरण में हैं, प्रथम चरण- वर्ष 1967 से 1980 तक रहा, दूसरा चरण- वर्ष 1980 से 2004 तक का समय रहा। नक्सलवाद की विकटता को देखते हुए वर्ष 2006 में सरकार ने अलग प्रभाग बनाया। सरकार नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के एक्शन्स के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। वर्ष 2013 में रोजगार प्रशिक्षण के लिए रोशनी शुरू हुई, तो वर्ष 2017 में केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान' नाम से एक कार्ययोजना शुरु की। ऑपरेशन आल आउट चल रहे हैं। समर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। मुट्ठी भर नक्सली देश-विदेशी मदद के जरिये सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बने हैं, इसलिए नक्सलवाद का खात्मा जरूरी है।

## रामनवमी
अरविंद जयतिलक



# आदर्श समाज निर्माण का संदेश

बुधवार को रामनवमी है, प्रभु श्रीराम का अवतार दिवस। संसार के समस्त पदार्थों के बीज उनमें ही निहित है और वे संसार के सूत्रधार हैं। उन्हें वैदिक सनातन धर्म की आत्मा और परमात्मा कहा गया है। भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर मानव जाति को संदेश दिया कि सत्य और धर्म का अनुसरण कर जगत को आसुरी शक्तियों से मुक्त किया जा सकता है। सत्य के पर्याय भगवान श्रीराम सद्गुणों के भंडार हैं, इसीलिए भारतीय जनमानस उनकी जीवन पद्धति को अपना उच्च आदर्श मानता है। शास्त्रों में भगवान श्रीराम को लोक कल्याण का पथप्रदर्शक और विष्णु के दस अवतारों में से सातवां अवतार कहा गया है। वाल्मीकि कृत रामायण और तुलसीकृत रामचरितमानस में भगवान श्रीराम की महिमा और उनके आदर्शों का गुणगान किया गया है। उनके उपदेशों और आचरण को जगतकल्याण का मार्ग बताया गया है। वे दुष्टों के संधारक और संतों के रक्षक हैं। उन्होंने दुष्टों का संहार कर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की और लोकमंगल के कार्य किए। भगवान श्री राम का जीवनकाल एवं पराक्रम महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित संस्कृत महाकाव्य रामायण के रूप में लिखा गया है। महान संत तुलसीदास ने भी भगवान श्रीराम पर भक्ति काव्य रामचरितमानस की रचना की है जो केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के कई देशों की कई भाषाओं में अनुदित है। संसार भी भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। वे एक आदर्श भाई, आदर्श स्वामी और प्रजा के लिए नीति कुशल व न्यायप्रिय राजा हैं। भगवान श्रीराम का रामराज्य जगत प्रसिद्ध है। हिंदू सनातन संस्कृति में भगवान श्रीराम द्वारा किया गया आदर्श शासन ही रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। आज भी शासन की विधा के तौर पर रामराज्य को ही उत्कृष्ट माना जाता है। संसार भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानता है। इसलिए कि उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्य और मर्यादा का पालन करना नहीं छोड़ा। पिता का आदेश मान वन गए। भगवान श्रीराम ने मर्यादा के पालन के लिए राज्य, मित्र, माता-पिता और यहां तक कि पत्नी का भी साथ छोड़ा। राम रघुकुल में जन्मे थे जिसकी परंपरा 'रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाई पर बचन न जाई' की थी। उन्होंने अपने पराक्रम से दंडक वन को राक्षस विहिन किया और साधु-संतों की सेवा की। उन्होंने गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार किया तथा पराई स्त्री पर कुदृष्टि रखने वाले बालि का संहार कर संसार को स्त्रियों के प्रति संवेदनशील होने की सीख दी। जंगल में रहने वाली शबरी माता को नवधा भक्ति का ज्ञान दिया। उन्होंने नवधा भक्ति के जरिये दुनिया को अपनी महिमा से सुपरिचित कराया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुझे वही प्रिय हैं जो संतों का संग करते हैं। उन्होंने शबरी को यह भी समझाया कि मेरे दर्शन का परम अनुपम फल यह है कि जीव अपने सहज स्वरुप को प्राप्त हो जाता है। भगवान श्रीराम सभी प्राणियों के लिए संवेदनशील थे। भगवान श्रीराम और वानरराज सुग्रीव की मित्रता आदर्श मित्रता का अनुपम उदाहरण है। पवनपुत्र हनुमान भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हैं। उन्होंने कहा है कि-कुलीन न होते हुए भी भगवान श्रीराम ने मुझ जैसे सभी गुणों से हीन जीव को अपनाया। अधम प्राणी जटायु को पिता तुल्य स्नेह प्रदान कर जीव से जंतुओं के प्रति मानवीय आचरण को भलीभांति निरूपित किया। समुद्र पर सेतु बांधकर वैज्ञानिकता और तकनीकी की अनुपम मिसाल कायम की। उन्होंने समुद्र के अनुनय-विनय पर निकट बसे खलमंडली का संहार किया। पत्नी सीता के हरण के बाद भी अपना धैर्य नहीं खोया। असुरराज रावण को सत्य और धर्म के मार्ग पर लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। उसे समझाने के लिए हनुमान और अंगद को उसके पास लंका भेजा, लेकिन रावण को यह सब रास नहीं आया। स्वयं उसके भाई विभीषण ने माता सीता को प्रभु श्रीराम को सौंपने के लिए अनुनय-विनय किया, लेकिन रावण माता सीता को वापस करने के लिए तैयार नहीं हुआ। उल्टे उसने विभीषण को अपमानित कर लंका से निर्वासित कर दिया। विभीषण भगवान श्रीराम के शरणागत हुए। अंततः प्रभु श्रीराम ने असुरराज रावण का वध कर पृथ्वी को उसके अत्याचारों से मुक्त किया। वे लंका का राज्य विभीषण को सौंपकर माता जानकी के साथ अयोध्या लौट आए। सही अर्थों में इन लीलाओं के जरिये भगवान श्रीराम ने एक पुत्र, पिता, पति, भाई और एक राजा के तौर पर जगत को संदेश दिया कि एक आदर्श, निष्पक्ष और बंधुतापूर्ण आचरण के जरिये ही एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज का निर्माण संभव है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## रामनवमी विशेष
प्रभात झा

# जब तक सृष्टि तब तक राम की दृष्टि

> राम के बिना इस भारतवर्ष की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। आज के पंकिल कुहासे को नष्ट करने के लिए भगवान श्रीराम जैसे चन्दन चर्चित चरित्र में अवगाहन की महती आवश्यकता मानवता को है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम समस्त भारतीय साधना और ज्ञान-परम्परा के वागद्वार है, जिनका दृढ़चरित्र लोक-मर्यादा के कठोर अंकुश से अनुशासित है और जो जन-जन के मन को आप्लावित कर सकता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है। भगवान श्री राम का जन्मोत्सव चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस बार भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव अयोध्या के नव निर्मित दिव्य एवं भव्य मंदिर में मनाया जाएगा।

रामायण में वर्णन है-महर्षि वाल्मीकि ने मुनिश्रेष्ठ नारद से पूछा, "भगवन! इस समय इस संसार में गुणी, शूरवीर, धर्मयज्ञ, सत्यवादी और दृढ़- प्रतिज्ञ कौन है? सदाचारी, सब प्राणियों का हित करने वाला, प्रियदर्शन, धैर्ययुक्त तथा काम-क्रोधादि शत्रुओं को जीतनेवाला कौन है? मुझे यह जानने की प्रबल अभिलाषा है। महर्षि ! आप इस प्रकार के श्रेष्ठ पुरुष के जानने में समर्थ हैं, अतः मुझे बताइये।" महर्षि वाल्मीकि के ऐसा पूछने पर मुनिश्रेष्ठ नारद ने कहा, महर्षि! आपने जिन गुणों का वर्णन किया है वे बहुत, श्रेष्ठ और दुर्लभ हैं तथा उन सबका एक ही व्यक्ति में मिलना कठिन है, फिर भी आप द्वारा पूछे सभी गुणों से युक्त एक व्यक्ति हैं जो इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न हुए हैं और 'राम' नाम से जगदविख्यात हैं। वे अति बलवान, धैर्ययुक्त, जितेंद्रिय, बुद्धिमान प्रियवक्ता, शत्रुघ्नों के नाशक, धर्म के जानने वाले, सत्यवादी, प्राणियों के हित में तत्पर, वेदों के ज्ञाता, धनुर्वेद में कुशल,आार्य, प्रियदर्शन, गम्भीरता में समुद्र के समान, धेयं में हिमालय के सदृश, पराक्रम में विष्णु के तुल्य, क्रोध में कालाग्नि जैसे, क्षमा में पृथ्वी सम, दान करने में कुबेर और सत्य बोलने में दूसरे धर्म के समान हैं।"

रामायण में वर्णन के अनुसार, त्रेता युग में सूर्य देव के पुत्र वंशज महाराज इक्ष्वाकु के कुलमें अयोध्यापुरी के राजा दशरथ के पुत्र के रूप में विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था। राजा दशरथ की तीन पत्नियां थी- कौशल्या, सुमित्रा तथा कैकेयी। अयोध्या के सूर्यवंशी राजा दशरथ को चौथेपन तक तीन रानियां होते हुए भी संतान प्राप्ति नहीं हुई। दुःखी सम्राट दशरथ जब अपनी यह अंतर्वेदना गुरु वशिष्ठ से कही तो उन्होंने श्रृंगी ऋषि को बुलाकर पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। वशिष्ठ जी ने यज्ञ पश्चात खीर दशरथ जी को समर्पित की और राजा ने सभी रानियों को बुलाकर वह खीर वितरित की जिसका सेवन कर सभी रानियां गर्भवती हुईं और राजा दशरथ को चार पुत्रों का सुख प्राप्त हुआ। वाल्मीकि रामायण में ऋषि लिखते हैं, जिस समय महा कान्ति वाले राजा दशरथ जी पुत्रेष्टि यज्ञ करने लगे, उसी समय विष्णु भगवान ने पुत्र बनकर उनके यहां अवतार लेने का निश्चय कर लिया। इस प्रकार भगवान श्री राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था।

भगवान श्री राम जन्म प्रसंग को रामचरितमानस के बालकांड में गोस्वामी तुलसीदासजी ने वर्णन किया है- भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी। हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी॥ अर्थात दीनों पर दया करने वाले, माता कौशल्या के हितकारी प्रगट हुए हैं। मुनियों के मन को हरने वाले भगवान के अदभुत रूप का विचार कर माता कौशल्या हर्ष से भर गई। गोस्वामी जी आगे वर्ण करते हैं-लोचन अभिरामा तनु घनस्यामा निज आयुध भुजचारी। भूषन बनमाला नयन बिसाला सोभा सिंधु खरारी॥ अर्थात प्रभु के दर्शन नेत्रों को आनंद देने वाले हैं, उनका शरीर मेघों के समान श्याम रंग का है तथा उन्होंने अपनी चारों भुजाओं में आयुध धारण किए हैं, दिव्य आभूषण और वन माला धारण की हैं। प्रभु के नेत्र बहुत ही सुंदर और



विशाल है। इस प्रकार शोभा के समुद्र और खर नामक राक्षक का वध करने वाले भगवान प्रकट हुए हैं। राम शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है वह जो रोम रोम में बसे। श्रीरामस्त्रोत्र में वर्णन है- लोकाभिरामं रणरंगधीरं राजीवनेत्रं रघुवंशनाथम। कारुण्यरूपं करुणाकरंतं श्रीरामचंद्रं शरणं प्रपद्ये अर्थात लोकों के आकर्षक, युद्ध में साहसी, राजीव(कमल) नेत्र वाले, रघुवंश के नाथ, कारुण्य स्वरूप, दयामयी हृदय वाले, ऐसे श्री राम चंद्र की शरण में हम आश्रय लेते हैं। यदि हम सामाजिक, ऐतिहासिक आदि रूपों से देखेंगे तब भी यह परिभाषा सर्वथा उपयुक्त बैठती है। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां राम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं जो राम भक्ति से अछूता हो। मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्री राम भारतीय जनमानस में बसते हैं। यहां पिछले सहस्त्रों वर्षों से आजतक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। यदि कोई जिज्ञासावश जानना चाहे कि रामराज्य के इतने सहस्त्राब्दियों के बाद भी क्यों सब के इतने सहस्त्राब्दियों के बाद भी क्यों सब रामराज्य चाहते हैं तो उत्तर आता है करुणानिधान भगवान श्री राम की महानता।

भगवान श्री राम अपने गुणों की वजह से ही मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने दया, सत्य, सदाचार, मर्यादा, करुणा और धर्म का पालन किया। भगवान राम ने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया था। इसी कारण से उनको मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है।

भगवान श्रीराम की महानता अथाह है। उनके अद्वितीय शौर्य एवं पराक्रम से उन्होने यज्ञरक्षा कर ऋषियों को भयहीन किया, उनका अनुपम बल ही खर, दूषण आदि का काल बना, वे ही शील के मूर्त स्वरूप है। धनुष भंग करने का सामर्थ्य होनेपर भी वा सभा मे शांति से बैठे थे और गुरुआज्ञा मिलने पर ही गए, पितृभक्ति ऐसी की पिता का वचन कभी मिथ्या न होने दिए भले स्वयं कष्ट सहे, त्याग ऐसा कि जब कुछ ही समय मे राजतिलक होना था तब भी वल्कल पहनकर वनगमन करने मे संकोच नहीं किया, ज्ञान वेद शास्त्रादि अनेक ग्रंथों का, मातृभूमि के प्रति प्रेम इतना कि अपनी जन्मभूमि अयोध्या नगरी के बारे मे कभी बुरे शब्द सुनना तक नहीं सहा, धर्म परायण ऐसे जो साधुओं का दुःख सुनकर बोल उठे"निशिचर हीन करहु महि, भुज उठाए पन कीन्ह।" भारत के संविधान की मूल प्रति मे दीनदयाल भगवान के चित्र हैं। गांधी जी भी भगवान श्रीराम से ही प्रेरणा पाते थे और भारत मे रामराज्य चाहते थे। स्वामी रामानंद जैसे महान समाज सुधारक संत ने भी समाजिक पतन को रोकने के लिए रामनाम की महिमा का ही प्रयोग किया था। भगवान राम से प्रेरणा पाकर लोग समाजसेवा मे अत्यधिक योगदान करते हैं। आज भी भगवान राम की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। हिंदू जनमानस के लिए भगवान राम की प्रासंगिकता उतनी ही है जितनी सागर में जल की, वनों में वृक्ष की अथवा ज्ञानी पुरुषों में विनम्रता की होती है। राम सबके लिए इस भारतवर्ष के पवित्र भूमि के हर कण में व्याप्त है। राम के बिना इस भारतवर्ष की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। आज के पंकिल कुहासे को नष्ट करने के लिए भगवान श्रीराम जैसे चन्दन चर्चित चरित्र में अवगाहन की महती आवश्यकता मानवता को है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम समस्त भारतीय साधना और ज्ञान-परम्परा के वागद्वार हैं, जिनका दृढ़चरित्र लोक-मर्यादा के कठोर अंकुश से अनुशासित है और जो जन-जन के मन को 'रस विशेष से आप्लावित कर सकता है, जो संपूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी है। भगवान श्री राम का जन्मोत्सव चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। उनके जन्मोत्सव को संपूर्ण भारतवर्ष में राम नवमी के रूप में मनाई जाती है। इस वर्ष की राम नवमी विशेष है। 500 साल के बाद ऐसी रामनवमी आएगी जब भगवान श्रीराम का जन्मोत्स्व अयोध्या के नव निर्मित दिव्य एवं भव्य मंदिर में मनाया जाएगा।

(लेखक भाजपा नेता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# आपके भीतर है आनंद, खोजने की जरूरत नहीं



संकलित
## दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं।


# ईर्ष्यालु व्यक्ति, सुख-संपन्नता नहीं देख सकता



संकलित
## प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कन्या पूजा का महत्त्व

भारत सारी दुनिया में देवभूमि के लिए प्रसिद्ध है। हमारा देश ही मात्र एक ऐसा देश है, जहां पर नवरात्र मनाया जाता हैं और कन्या पूजन होता है। लेकिन जब इसी देश में कन्या भ्रूण हत्या सामाजिक बुराई की खबरें सुनने को मिलती हैं, तो हर सभ्य और भारत की संस्कृति का अनुसरण करने वाला व्यक्ति यह सोचने पर मजबूर हो जाता है कि क्या भारत वही है जहां पर नवरात्र में कन्या पूजन होता है? दुर्गा माता पूजा-पाठ से कम और इनसान के अच्छे कर्मों से ज्यादा खुश होती हैं। नवरात्र में कुछ लोग व्रत रखकर कन्या पूजन करते हैं, लेकिन उनमें से ही कुछ लोग लड़कियों के प्रति घटिया सोच रखते हैं, नफरत करते हैं। हमें बेटियों को पूरा सम्मान देना चाहिए, तभी हमारा समाज सभ्य कहलाएगा। *- रमेश पाठक, महासमुंद*

## ट्रेंड

### अवसरों से समृद्ध भारत



मैं उन लोगों को बताना चाहता हूं जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा में अपेक्षित सफलता नहीं मिली- असफलताएं कठिन हो सकती हैं, लेकिन याद रखें, यह आपकी यात्रा का अंत नहीं है। भारत ऐसे अवसरों से समृद्ध है जहां आपकी प्रतिभा चमक सकती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भगवान के सृजन का उदाहरण



अनेक अनुपम, नयनाभिराम दृश्य, घटना, वैविध्यताओं से परिपूर्ण यह जगत परमात्मा की कलात्मक सृजन का श्रेष्ठ उदाहरण है। सुंदर और श्रेष्ठ सृजन में सहायक मानवीय मनोभावों की अनुपम उद्दात्त और आह्लादकारी अभिव्यक्ति ही कला है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु


### रिकॉर्ड तोड़ बेरोज़गारी



रिकॉर्ड तोड़ बेरोज़गारी, कमरतोड़ महंगाई, कर्ज के बोझ और सरकार के दमन से शहीद होते किसानऔर दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार 'इलेक्टोरल बॉन्ड'! इन सभी 'क्षुधावर्धक' का स्वाद चख चुकी जनता से नरेंद्र मोदी कह रहे हैं कि 2047 में वह 'मेन कोर्स' खिलाएंगे।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### निधन पर दुःख हुआ



कन्नड़ फिल्म उद्योग के दिग्गज अभिनेता द्वारकीश सर के निधन से गहरा दुख हुआ। उनकी फिल्में देखकर बड़ा हुआ हूं। फिल्म जगत में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा

-अनिल कुंबले, क्रिकेटर

## करंट अफेयर

# इस्कॉन वृन्दावन में कृष्ण का 70 मंजिला मंदिर बनाएगा



इस्कॉन के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन में भगवान श्री कृष्ण का गगनचुंबी मंदिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा और भारत में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। ग्लोबल हरे कृष्णा मूवमेंट के उपाध्यक्ष और इस्कॉन बैंगलोर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंचलपति दास ने एक साक्षात्कार में कहा कि आध्यात्मिकता के लिए कोई टूटा-फूटा बुनियादी ढांचा नहीं हो सकता और मंदिर हमेशा जर्जर स्थिति में नहीं रह सकते। वृन्दावन हेरिटेज टॉवर 70 मंजिल ऊंचा और 210 मीटर होगा, जो आठ करोड़ अमरीकी डालर की लागत से बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, ' 'इस बारे में मैं आपको एक और उदाहरण देता हूं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने एक बयान में कहा है कि विदेशों में रह रहे भारतीय प्रवासियों से एक आह्वान कर रहे हैं। कृपया अमेरिका से पांच अमेरिकियों को भारत लाएं और उन्हें भारत दिखाएं। जब आप उन्हें भारत लाएंगे तो निश्चित रूप से जो कोई भी दुनिया के किसी भी हिस्से से भारत आता है तो वह आध्यात्मिकता की तलाश में होता है।

## ऑफ बीट

# जलवायु परिवर्तन से समुद्री जल हो सकता है जल्द ठंडा



समुद्र के गर्म होने के प्रभाव गहरे और अच्छी तरह से प्रलेखित हैं। लेकिन कभी-कभी हवाओं और समुद्री धाराओं के पैटर्न में बदलाव के कारण समुद्री जल अचानक ठंडा हो जाता है। इस दौरान पानी की सतह का तापमान तेजी से गिर सकता है - एक या दो दिन में 10 * सी या इससे अधिक। जब ये स्थितियाँ कई दिनों या हफ्तों तक बनी रहती हैं, तो क्षेत्र में 'शीत लहर' का अनुभव होता है, जो अधिक प्रचलित समुद्री हीटवेव के विपरीत है। मार्च 2021 में दक्षिण अफ्रीका के दक्षिण-पूर्वी तट पर एक 'हत्यारी शीत लहर' प्रकट हुई और इसने कम से कम 81 प्रजातियों के सैकड़ों जानवरों को मार डाला। इससे भी अधिक चिंता की बात यह थी कि इन मरने वाले जीवों में पहले से ही असुरक्षित मंटा रे और यहां तक कि कुख्यात मजबूत प्रवासी बुल शार्क भी शामिल थे। दक्षिण अफ्रीका में, विशेष रूप से पिछले 15 वर्षों में ऐसी आकस्मिक ठंड की घटनाओं के कारण बुल शार्क, व्हेल शार्क और मंटा रे पहले भी मर चुकी हैं। जैसा कि हम नेचर क्लाइमेट चेंज में रिपोर्ट करते हैं, पिछले चार दशकों में ऐसी स्थितियाँ तेजी से आम हो गई हैं जो इन विनाशकारी शीतलहरों को उत्पन्न कर सकती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

16- APR-CITY- MAIN- Pg- 5 FRINT_Layout 1 4/17/2024 12:29 AM Page 1

बिलासपुर
बुधवार, 17 अप्रैल 2024
चैत्र शुक्ल पक्ष नवमीं
वर्ष : 24, अंक : 24
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 36.6
न्यून. 24.4

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

रामनवमी की मंगलकामनाएं






inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सटोरियों को बचाने प्रधान आरक्षक ने मांगे तीन लाख

**भिलाई।** शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात को क्राइम ब्रांच टीम ने आईपीएल सट्टा मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था।



आरोपियों को बचाने के एवज में थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक ने तीन लाख रुपए का रिश्वत का डिमांड करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी एसपी जितेन्द्र शुक्ला तक पहुंचने के बाद प्रधान आरक्षक को तुरंत सस्पेंड कर दिया है। पदमनाभपुर ▶▶|शेष पेज 3 पर

### झेलम नदी में नाव पलटी, छह की मौत

**श्रीनगर।** श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में मंगलवार को झेलम नदी में एक नाव के पलट जाने से छह



लोगों की मौत हो गई। यह घटना गंदबल नौगाम इलाके में सुबह करीब आठ बजे हुई। अबतक छह लोगों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार हुई बारिश के कारण झेलम नदी के साथ ही झीलों एवं जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि हुई है।

### 'एक्स' में पोस्ट करने के लिए देना होगा शुल्क

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' अब नए उपयोगकर्ताओं से कुछ भी साझा करने, किसी



पोस्ट को 'लाइक' करने, बुकमार्क और किसी पोस्ट पर जवाब देने का विकल्प इस्तेमाल करने के लिए शुल्क लेगा। उपयोगकर्ता अब भी मंच का निःशुल्क इस्तेमाल और उस पर किसी अन्य खाते को 'फॉलो' कर सकते हैं।

### क्रेन-टेम्पो की टक्कर में सात की मौत

**पटना।** पटना शहर के कंकड़बाग बाइपास के पास टेम्पो और क्रेन की आमने-सामने की टक्कर में



सात लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। मंगलवार सुबह कंकड़बाग बाइपास के पास एक क्रेन और टेम्पो की भिड़ंत हो गई, जिससे टेम्पो में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### मिट्टी खोदने के दौरान दो महिलाओं की मौत

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले में मिट्टी का ढेर धंस जाने से दो आदिवासी महिलाओं की मौत



हो गई। झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 200 किलोमीटर दूर वेलवाबेरा में हुई। मृतक महिलाओं की पहचान 30 वर्षीय पेटिसन देवी और 25 वर्षीय शांति देवी के रूप में हुई है। पेटिसन देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

यूपीएससी 2023 का फाइनल रिजल्ट, आईपीएस की ट्रेनिंग पर रहे आदित्य

# आईपीएस आदित्य अब आईएएस टॉपर छग से चार, टॉप 10 में चार महिलाएं

*संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा-2023 के लिए अंतिम परिणाम घोषित कर दिए। सूची में कुल 1016 उम्मीदवारों ने जगह बनाई है। लखनऊ के निवासी आदित्य श्रीवास्तव ने यूपीएससी की परीक्षा में टॉप कर आईएएस बन गए। आदित्य श्रीवास्तव पश्चिम बंगाल में अंडर ट्रेनिंग आईपीएस के पद पर कार्यरत हैं। इसी तरह अनिमेष प्रधान दूसरे और डोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर रहे। सूची में छत्तीसगढ़ से चार अभ्यर्थियों ने जगह बनाई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सिविल सेवा परीक्षा 2023 के टॉपर आदित्य श्रीवास्तव ने कानपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया है। यूपीएससी के मुताबिक, राउरकेला स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक (बीटेक) अनिमेष प्रधान ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र को चुना था और उन्होंने परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल किया।

दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से भूगोल में स्नातक (ऑनर्स) की पढ़ाई करने वाली डोनुरु अनन्या रेड्डी परीक्षा में तीसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में मानव विज्ञान को चुना था। कुल 1,016 अभ्यर्थियों ने (664 पुरुष और 352 महिलाओं) ने परीक्षा उत्तीर्ण की और आयोग ने विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए उनके नामों की सिफारिश की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके प्रयास आने वाले समय में हमारे राष्ट्र के भविष्य को आकार देंगे। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ▶▶|शेष पेज 3 पर

### पीएम मोदी ने सफल अभ्यर्थियों को दी बधाई, असफल को दिया संदेश



सात साल के बाद रंग लाई मेहनत

**ये है टॉप-10**

1. आदित्य श्रीवास्तव
2. अनिमेष प्रधान
3. डोनुरु अनन्या रेड्डी
4. पीके सिद्धार्थ रामकुमार
5. रुहानी
6. सृष्टि डबास
7. अनमोल राठोड़
8. आशीष कुमार
9. नौशीन
10. एश्वर्यम प्रजापति

आदित्य श्रीवास्तव ने अक्टूबर 2017 से सिविल परीक्षा की तैयारी शुरू की थी। इस दौरान जब आदित्य श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने सीनियर की काफी मदद ली थी, उनका अनुभव भी इन्हें टॉप करने में काफी काम आया। उन्होंने यूपीएससी का एग्जाम दिया था, जिसमें उनकी 485 रैंक आई थी, लेकिन 2023 में उन्होंने यूपीएससी सिविल सेवा में देश में टॉप किया है। आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने 5 से 6 घंटे लगातार पढ़ाई करके टॉप किया है। इस दौरान उन्होंने अपने सीनियर साथियों से भी मदद ली थी, जिससे उन्हें उनका अनुभव का भी काफी लाभ मिला। रिजल्ट आने के बाद से ही आदित्य श्रीवास्तव के घर में खुशी का माहौल है। आदित्य श्रीवास्तव ने अपनी प्रारम्भिक पढ़ाई सिटी मोंटेसरी स्कूल, अलीगंज से की है।

### लोरमी के प्रितेश को यूपीएससी में 697 वीं रैंक



**बिलासपुर।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सर्विस 2023 परीक्षा के रिजल्ट मंगलवार की दोपहर जारी किए। इसमें मुंगेली जिले के लोरमी के मजगांव निवासी प्रीतेश सिंह राजपूत ने दूसरे प्रयास में 697 रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। फिलहाल प्रितेश मनेन्द्रगढ़ में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने सीजी पीएससी 2022 क्वालीफाई किया था। यूपीएससी में चयनित प्रीतेश सिंह राजपूत की कक्षा पांचवीं ▶▶|शेष पेज 3 पर

## अनुषा को 202, अभिषेक को 452 और नेहा को 569वीं रैंक

- आईएएस रेणु पिल्ले और आईपीएस संजय पिल्ले की बेटी हैं अनुषा
- अभिषेक ने की नालंदा परिसर में पढ़ाई, सुबह 8 से रात 10 बजे तक का समय यहीं गुजारा

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मुख्य सेवा परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस बार भी शहर के युवाओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 500 में अपनी जगह कायम करने में सफलता प्राप्त कर है। छग में सर्वोच्च रैंक अनुषा पिल्ले को हासिल हुई है। वे आईएएस रेणु पिल्ले और आईपीएस संजय पिल्ले की बेटी हैं। वहीं रायपुर के अभिषेक को 452वीं रैंक मिली है। हरिभूमि से हुई विशेष बातचीत में उन्होंने अपनी तैयारी, संघर्ष सहित सफलता की कहानी साझा की।

### मां आईएएस, पिता आईपीएस और भाई ने भी किया यूपीएससी क्लीयर



आईएएस रेणु पिल्ले और आईपीएस संजय पिल्ले की बेटी अनुषा को 202 रैंक हासिल हुई है। हरिभूमि से विशेष बातचीत में अनुषा ने बताया कि यह उनका दूसरा प्रयास था। पहले प्रयास में प्रीलिम्स भी ▶▶|शेष पेज 3 पर

### मां ने कहा- मैं नौकरी कर रही, तू पढ़ाई कर



रायपुर के वीर सावरकर नगर निवासी अभिषेक डांगे का यह पांचवां अटेम्प था। इसके पहले के चार प्रयासों में उन्हें सफलता नहीं मिल सकी, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। 29 वर्षीय अभिषेक ने एनआईटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ▶▶|शेष पेज 3 पर

### नेहा को 569वीं रैंक



रायपुर की नेहा भयाडवाल को 569वीं रैंक मिली है। नेहा ने अपनी ग्रेज्यूएशन की पढ़ाई डिग्री गर्ल्स कॉलेज से की है। उन्हें आईपीएस कैडेर मिलने की उम्मीद है। नेहा इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में कार्यरत श्रवण कुमार मीणा की पुत्री हैं।

हेमा मालिनी पर टिप्पणी

## सुरजेवाला के 48 घंटे तक प्रचार करने पर लगी रोक

- सभा के दौरान की अपमानजनक बातें कही
- 16 अप्रैल की शाम से लग गया बैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने भाजपा की सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को फटकार लगाते हुए उनके चुनाव प्रचार करने पर मंगलवार को 48 घंटे के लिए रोक लगा दी। इस लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा किसी नेता के प्रचार करने पर प्रतिबंध लगाए जाने का यह पहला मामला है। निर्वाचन आयोग ने हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अशोभनीय, असभ्य और अभद्र टिप्पणी के लिए पिछले मंगलवार को सुरजेवाला को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नोटिस के अपने जवाब में, कांग्रेस महासचिव ने कहा था कि भाजपा द्वारा उद्धृत वीडियो से छेड़छाड़ की गयी थी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि कैथल के जिला निर्वाचन अधिकारी ने संज्ञान लिया था कि कांग्रेस नेता ने 31 मार्च को पुंडरी विधानसभा क्षेत्र के फरल गांव में टिप्पणी की थी।

### आयोग ने बयान की निंदा की

आयोग ने कहा, आयोग आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों से संबंधित मामले में उन्हें जारी किए गए या बाद में जारी किए जाने वाले किसी भी आदेश/नोटिस पर बिना किसी पूर्वाग्रह के, हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान उनके द्वारा दिए गए आक्षेपित बयान की कड़ी निंदा करता है। कदाचार के लिए रणदीप सुरजेवाला को फटकार लगाता है।

### रैली और सभा में नहीं दे सकेंगे भाषण

आयोग, संविधान के अनुच्छेद 324 और इस संबंध में सक्षम बनाने वाली अन्य सभी शक्तियों के तहत, सुरजेवाला को मौजूदा चुनाव के संदर्भ में 16 अप्रैल को शाम 6 बजे से 48 घंटे तक किसी भी जनसभा, सार्वजनिक जुलूस, सार्वजनिक रैली, रोड शो और साक्षात्कार, मीडिया (इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, सोशल मीडिया) आदि में सार्वजनिक भाषण देने से रोकता है। सुरजेवाला को अपने नोटिस में निर्वाचन आयोग ने कहा था कि सावधानीपूर्वक जांच करने पर टिप्पणियां अत्यधिक अशोभनीय, असभ्य और अभद्र" पाई गईं, और प्रथम दृष्टया आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों और पिछले महीने पार्टियों को जारी की गई आयोग की सलाह का उल्लंघन है।

पुलिस के शिकंजे में दो आरोपी

## सलमान के घर के बाहर तीन बार की थी रेकी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों ने घटना से पहले तीन बार इस जगह की 'रेकी' की थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बिहार निवासी विक्की गुप्ता ▶▶|शेष पेज 3 पर

### फेसबुक पर एक पोस्ट

रविवार को सुबह करीब 11 बजे फेसबुक पर एक पोस्ट सामने आई, जिसमें गोलीबारी की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया। पुलिस को संदेह है कि जेल में ▶▶|शेष पेज 3 पर

# रामलला का सूर्यकिरणों से होगा अभिषेक, आएंगे 25 लाख श्रद्धालु!

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री रामलला के भव्य मंदिर में रामनवमी के पर्व पर विशेष तैयारी की गई है। ऐसा अनुमान है कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली राम नवमी है। श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य ने बताया कि 17 अप्रैल को दोपहर 12.16 बजे सूर्य की किरणों से श्री रामलला का अभिषेक होगा। इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए करीब 25 लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है।

### रामनवमी आज, अयोध्या में विशेष तैयारी, वीआईपी दर्शन पर रोक



#### वीआईपी-वीवीआईपी के पास रद्द

नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि अयोध्या में 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक वीआईपी और वीवीआईपी के दर्शन नहीं होंगे।

#### रात 11 बजे तक कर सकेंगे दर्शन

दर्शन का समय बढ़ाकर 19 घंटे कर दिया गया है, जो मंगला आरती से रात 11 बजे तक जारी रहेगा।

#### इस बार श्री राम का जन्मोत्सव है खास

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम नवमी पर दोपहर 12:16 बजे करीब 5 मिनट तक सूर्य की किरणें भगवान रामलला के माथे पर पड़ेंगी। इसके लिए महत्वपूर्ण तकनीकी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। वैज्ञानिक इन क्षणों को प्रदर्शित करने के लिए काम कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मंदिर का बचा हुआ काम भी दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा।

## साय बोले- इस बार तीन लाख से ज्यादा वोटों से होगी रायगढ़ लोकसभा में जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि इस बार रायगढ़ लोकसभा सीट पर तीन लाख से ज्यादा वोटों से भाजपा की जीत होगी। सीएम श्री साय मंगलवार को रायगढ़ में भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया की नामांकन रैली में शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने रामलीला मैदान में आमसभा को संबोधित किया।

रैली के बाद राधेश्याम राठिया ने श्री साय समेत कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पर्चा दाखिल किया। आमसभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ▶▶|शेष पेज 5 पर

### राधेश्याम की नामांकन रैली में शामिल हुए मुख्यमंत्री



### जनता का बढ़ा विश्वास

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का विश्वास भाजपा के साथ-साथ मोदी की गारंटी के प्रति बढ़ा है। भाजपा का संकल्प पत्र जारी हो चुका है। एक के बाद एक सभी कार्य को बहुत जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। रेल लाइन का मुद्दा भी आगे बढ़ गया है। भारत माला योजना का काम भी शुरू हो चुका है।

राजधानी के ऐतिहासिक आकाशवाणी काली माता मंदिर में प्रतिमा विग्रह

# 92 साल में पहली बार बदल रही मां काली की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक आकाशवाणी काली माता मंदिर में प्रतिमा विग्रह होने जा रहा है। 92 वर्षों बाद यहां पूर्व में स्थापित प्रतिमा के स्थान पर नवीन प्रतिमा स्थापित की जाएगी। 26 अप्रैल को छग के धार्मिक इतिहास में नया अध्याय जुड़ेगा। संभवतः यह प्रदेश में पहली बार है, जब मां की ऐतिहासिक मूर्ति बदली जाएगी। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि प्रतिमा का क्षरण होना प्रारंभ हो चुका है। शास्त्रों में खंडित प्रतिमा का पूजन वर्जित है। अनुमान है कि 92 साल पहले जब 1932 में यहां प्रतिमा स्थापित की गई थी, तब इसका निर्माण गारा से किया गया था। लंबी अवधि के बाद अब प्रतिमा का क्षरण होने लगा है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



### ओडिशा के अंदरूनी जंगलों में मिलने वाले काले पत्थर से निर्मित है नई प्रतिमा

#### हैदराबाद, अयोध्या और ऋषिकेश से आएंगे ज्ञाता

नवीन मूर्ति की स्थापना संबंधित प्रक्रिया 24 अप्रैल से प्रारंभ होगी। इसके लिए हैदराबाद, अयोध्या और ऋषिकेश से विद्वानों को आमंत्रित किया गया है। संस्कृत प्राचार्य और वेदों के ज्ञाताओं सहित उनकी पूरी टीम इस महाअनुष्ठान का हिस्सा बनेगी, ताकि किसी भी तरह की त्रुटि ना रह जाए। 24 अप्रैल से प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद 26 अप्रैल को नवीन प्रतिमा स्थापित कर दी जाएगी। 26 अप्रैल को सुबह 11 बजे के बाद भक्त नवीन प्रतिमा के दर्शन कर सकेंगे।

**शास्त्रों में वर्जित है खंडित प्रतिमाओं का पूजन, इसलिए फैसला**

#### गंगा सागर में हो सकता है विसर्जन

मंदिर प्रबंधन के अनुसार, काली माता की प्राचीन प्रतिमा को गहरे समुद्र में विसर्जित किया जाएगा। हालांकि इसके विसर्जन प्रक्रिया पर अभी सहमति नहीं बन सकी है, इसलिए इस पर अंतिम निर्णय ▶▶|शेष पेज 3 पर

#### नहीं है कोई फर्क, लगा 10 महीने का समय

मंदिर प्रबंधन के डॉ. डीके दुबे ने बताया, नवीन और प्राचीन प्रतिमा में कोई फर्क नहीं है। भक्त नवीन प्रतिमा को देखकर ▶▶|शेष पेज 3 पर



बिलासपुर, बुधवार 17 अप्रैल 2024 haribhoomi.com







> लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दूसरे चरण के साथ तीसरे चरण के लिए भी अभी से पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीन दिनों तक लगातार सभाएं होंगी। तीन दिनों में आधा दर्जन सभाओं के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनावी रणनीति बनाने के लिए प्रदेश संगठन और चुनाव के प्रभारियों की बैठक भी लेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की भी सभाओं का दौर दूसरे चरण के लिए प्रारंभ होगा। 21 अप्रैल को प्रियंका गांधी की राजनांदगांव के साथ कांकेर में सभा होगी।

## भाजपा ने दूसरे और तीसरे चरण के लिए झोंकी ताकत


# 21 को योगी-प्रियंका राजनांदगांव में, 22 को नड्डा की तीन और 23 को पीएम की धमतरी, जांजगीर में सभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा का चुनाव तीन चरणों में होना है। पहले चरण में बस्तर की सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। बस्तर में तो सभाओं का दौर लगभग पूरा हो गया है। अब वहां पर बुधवार को चुनाव प्रचार भी थम जाएगा। ऐसे में भाजपा ने अब दूसरे और तीसरे चरण के लिए राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं तय की हैं। अब लगातार राष्ट्रीय नेताओं का आना होगा।

### 21 को योगी-प्रियंका राजनांदगांव में

राजनांदगांव की सीट हाई प्रोफाइल हो गई है, क्योंकि यहां से भाजपा के संतोष पांडेय के सामने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां पर ताकत झोंकी है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह की खैरागढ़ में सभा हो चुकी है। अब 21 अप्रैल को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा तय की गई है। यह सभा राजनांदगांव में होगी। इसी दिन यहां पर प्रियंका गांधी की भी सभा होगी।






- राष्ट्रीय नेताओं की लगातार तीन दिनों तक सभाएं
- कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा तय

### 22 को नड्डा की कांकेर रायपुर, दुर्ग में सभाएं

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पहला दौरा 22 अप्रैल को होने वाला है। उनके इस दौरे में एक साथ तीन सभाओं की रणनीति बनी है। पहली सभा कांकेर लोकसभा में होगी। इसके बाद दूसरी सभा दुर्ग लोकसभा के भिलाई और तीसरी रायपुर लोकसभा के चंदखुरी में होगी। इसी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष शाम को रायपुर में प्रदेश संगठन की लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक भी लेंगे।

### 23 को आएंगे पीएम मोदी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक बार फिर से 23 अप्रैल को आना होगा। इस दौरे में उनकी एक सभा दूसरे चरण के लिए महासमुंद लोकसभा के धमतरी में होगी। सभा में महासमुंद लोकसभा की प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी तो रहेंगी ही, साथ ही कांकेर के प्रत्याशी भोजराज नाग को भी बुलाने की तैयारी है। तीसरे चरण के लिए होने वाले चुनाव में जांजगीर चांपा में भी पीएम मोदी की इसी दिन सभा होगी। इसके लिए स्थान का चयन करने का काम अंतिम चरण में है। संभावना शक्ति में सभा होने की ज्यादा है। पहली सभा इसी लोकसभा में और दूसरी महासमुंद लोकसभा में होगी।*

---

## आमने/सामने

### कांग्रेस की एक लाख की योजना को कांग्रेसी ही बता रहे फर्जी- संजय श्रीवास्तव



*भाजपा संगठन के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने के नाम पर कांग्रेस के लोगों द्वारा भराए जा रहे फार्म को लेकर कांग्रेस के बस्तर के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने ही इसको झूठा बताया है। इससे कांग्रेस का झूठ सबके सामने आ गया है। योजना को कांग्रेसी ही फर्जी बता रहे हैं, फिर इस पर जनता कैसे भरोसा कर लेगी।*

### कांग्रेस की एक लाख वाली महालक्ष्मी योजना से डर गई है भाजपा : सुशील शुक्ला



*प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में लाई गई नारी न्याय महालक्ष्मी योजना के बारे में भाजपा की झूठी बयानबाजी बता रही है कि इसके फार्म भरवाने के कारण भाजपा डर गई है। यह महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिए किए जाने वाला वादा है।*

## छत्तीसगढ़ के सात पड़ोसी राज्यों के नौकरी पेशा, कामकाजी मतदाताओं को वोटिंग के लिए मिलेगी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राज्य के मतदाताओं को लोकसभावार सीट वार मतदान के दिन वोटिंग के लिए अवकाश मिलेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्यों आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड़ और तेलंगाना के लोग जो यहां रहते हैं और नौकरी करते हैं उन्हें भी उनके राज्य में मतदान करने जाने के लिए अवकाश दिया जाएगा। यही नहीं छत्तीसगढ़ के लोग जो इन सात सीमावर्ती राज्यों में रहते हैं, उन्हें भी मतदान के लिए इस प्रकार सुविधा दी जाएगी।



छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। इसमें कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी का प्रावधान है। साथ ही मतदान तिथि में कारखाना अधिनियम, छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थानों, स्थापना में काम करने वाले प्रत्येक श्रमिक, कर्मचारियों को राज्य में मतदान के दिन यानी प्रथम चरण के लिए 19 अप्रैल, द्वितीय चरण के लिए 26 अप्रैल, और तीसरे चरण के लिए 7 मई को को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन अवकाश दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ की सीमा से लगने वाले राज्य आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड़ और तेलंगाना के राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कोराबार, व्यावसाय में नियोजित हैं, उन लोगों को उनके गृह राज्य में मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। आंध्रप्रदेश में एक चरण में 13 मई को, ओडिशा में चार चरणों में 13 मई,20 मई, 25 मई, और 1 जून को मतदान होगा। महाराष्ट्र में पांच चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, और 20 मई को, मध्यप्रदेश में चार चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, और 13 मई को, उत्तर प्रदेश में सात चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई, और 1 जून को,झारखंड़ में चार चरणों में 13 मई 20 मई, 25 मई, और 1 जून तथा तेलंगाना में 13 मई को एक चरण में चुनाव होगा।

### राज्य के इन कर्मियों को भी मतदान के लिए अवसर

साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिए दो-दो घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी बारी से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

### दूसरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ के निवासियों को भी छुट्टी

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में रहने वाले दूसरे राज्यों के कर्मियों को उनके राज्य में मतदान के लिए अवकाश दिया जा रहा है, उसी तरह इन सात राज्यों में रहने वाले छत्तीसगढ़ के लोगों को भी मतदान के लिए अवकाश दिया जा रहा है। ऐसा करने के पीछे उद्देश्य है कि सीमावर्ती राज्यों में रह रहे लोगों को भी वोट देने का अवसर मिले और मतदान का प्रतिशत भी बढ़े।

---

### इंडिया गठबंधन दोनों सीटों पर लड़ेगा वर्चस्व कायम करने की जंग

# त्रिपुरा : भाजपा के सामने दोनों लोकसभा सीट बचाने की चुनौती

*भाजपा शासित राज्य त्रिपुरा की दो लोकसभा सीटों पर दो चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव भी दिलचस्प होने की संभावना है। जहां भाजपा को अपनी दोनों सीटों को बचाने के लिए वर्चस्व के लिए चुनावी जंग करने की चुनौती होगी। वहीं इन दोनों सीटों पर भाजपा की चुनावी रणनीति को ध्वस्त करके इंडिया गठबंधन की जनाधार कायम करने के लिए अग्नि परीक्षा होगी।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

त्रिपुरा में 19 अप्रैल को पहले चरण की त्रिपुरा पश्चिम लोकसभा सीट के साथ एक विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव भी कराया जा रहा है। यहां भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच ही मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। इसी दृष्टि से पहले चरण में पश्चिम त्रिपुरा सीट पर 150 संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हित करके वहां केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती करने की व्यस्था की है। त्रिपुरा में कुल 3350 मतदान केंद्र बनाए गये हैं,जिनमें ब्रू बस्तियों के मतदाताओं को मतदान कराने के लिए 12 सहायक मतदान केंद्र भी शामिल हैं।

### मिजोरम के 17 हजार लोग भी डालेंगे वोट

पूर्वोत्तर में 60 विधानसभा सीटों वाले त्रिपुरा राज्य की दोनों लोकसभा सीटों में 30-30 विधानसभाएं हैं। दोनों लोकसभा सीटों पर इस बार 28,60,287 मतदाता मतदान करेंगे। मिजोरम के लगभग 17 हजार ब्रू निवासी त्रिपुरा के इन लोकसभा चुनाव में दोनों सीटों पर मतदान करेंगे। दरअसल साल 2020 में हुए एक चौगुने समझौते के बाद त्रिपुरा के दस स्थानों से पुनर्वासित ब्रू भी शामिल हैं, जो 22 साल से ज्यादा समय से उत्तरी त्रिपुरा के छह शिविरों में रह रहे थे। हालांकि वे मिजोरम के मतदाता हैं।




### पहले चरण में कड़ा इम्तिहान

पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा क्षेत्र में 793 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनमें से 150 की पहचान 'असुरक्षित' के रूप में की गई है। इस सीट के हरेक विधानसभा क्षेत्र में एक या दो मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र, एक या दो महिला आधारित और एक या दो युवा पुरुष आधारित मतदान केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं। सुरक्षा की समीक्षा के बाद आयोग ने इस लोकसभा क्षेत्र में सुरक्षा बलों की 14 कंपनियां तैनात कर दी है, जिन्हें जरुरत पड़ने पर दोगुना करने की व्यवस्था भी की गई है।

### दो सीटों पर 18 प्रत्याशी

*त्रिपुरा पश्चिम लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में भाजपा के बिपल्व कुमार देब समेतत नौ प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे। जबकि कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष असिश कुमार साहा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी शामिल हैं। जबकि त्रिपुरा पूर्वी लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण के चुनाव में दो महिला समेत नौ प्रत्याशी मैदान में हैं। जहां भाजपा के कृति देवी देबबर्मा और सीपीआई-एम के राजेंद्र रेनग के बीच चुनावी जंग होने की उम्मीद है। भाजपा और इंडिया ब्लॉक सहित 18 उम्मीदवारों में से अधिकांश पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।*

### मिजोरम : भाजपा के लिए खाता खोलने की चुनौती

लोकसभा की एक सीट के लिए मिजोरम में 19 अप्रैल को चुनाव होगा। 40 विधानसभा क्षेत्रों वाले मिजोरम की एक मात्र लोकसभा सीट पर इस बार 4.41 लाख महिलाओं समेत कुल 8,61,277 हैं। पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान में 36214 नए मतदाता पहली बार वोटिंग करेंगे। आयोग ने इस सीट पर 1276 मतदान केंद्र स्थापित किये हैं। इस सीट पर अब तक हुए 11 लोकसभा चुनाव में अब तक भाजपा अपना खाता नहीं खोल पाई है, जहां पांच बार निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना वर्चस्व कायम किया और कांग्रेस भी जीत का स्वाद चख चुकी है। साल 2019 के चुनाव में मिजो नेशनल फ्रंट ने इस सीट पर जीत हासिल की थी।

#### बिना हिंसा के होता है सर्वाधिक मतदान

पूर्वोत्तर का मिजोरम ऐसा राज्य है, जहां चुनावी हिंसा रहित सर्वाधिक मतदान भी होता रहा है। चुनाव आयोग के अनुसार राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए तीन हजार से अधिक राज्य पुलिसकर्मियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 15 कंपनियों (लगभग 1,000 कर्मी) को तैनात किया जा रहा है। हालांकि मिजोरम उन राज्यों में से एक है जहां चुनाव संबंधी हिंसा और घटनाएं हमेशा लगभग शून्य होती हैं और वोटिंग प्रतिशत देश में सबसे ज्यादा होता है।

---

### बिहार में बोले पीएम मोदी

# '25 करोड़ देशवासियों को गरीबी से बाहर निकाला'

एजेंसी ▶▶| पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के गया में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये वो धरती है जिसने मगध का ऐश्वर्य देखा है, जिसने बिहार का वैभव देखा है। संयोग से आज जब मैं गया जी आया हूं, तो नवरात्रि भी है और आज ही सम्राट अशोक की जयंती भी है। सदियों बाद आज एक बार फिर भारत और बिहार अपने उस प्राचीन गौरव को लौटाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं. ये चुनाव विकसित भारत, विकसित बिहार के उसी संकल्प का चुनाव है।



गया की धरती पर उमड़ा ये जनसैलाब, ये अपार जनसमर्थन साफ बता रहा है - फिर एक बार मोदी सरकार. अभी 2 दिन पहले भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऐसा पहली बार है, जब किसी पार्टी के संकल्प पत्र को गारंटी कार्ड बोला जा रहा है।

#### 'जल्द घुटनों पर आएगी टीएमसी

बालुरघाट। पश्चिम बंगाल के बालुरघाट की रैली में पीएम मोदी ने कहा कि ये पहली रामनवमी है, जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो चुका है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि टीएमसी ने हमेशा की तरह यहां रामनवमी उत्सव को रोकने के लिए पूरी कोशिश की है, परंतु जीत सत्य की होती है। पश्चिम बंगाल में रैली के दौरान पीएम ने कांग्रेस पार्टी को भी निशाने पर लिया है।

### मंगलवार को राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा

# खत्म करेंगे अग्निपथ योजना, इस मामले में क्यों 'अस्पष्ट' हैं रक्षामंत्री?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान से पहले कांग्रेस पार्टी ने सेना भर्ती के लिए शुरू की गई 'अग्निपथ' योजना पर खास फोकस किया है। राहुल गांधी से लेकर पार्टी के दूसरे नेता, अपनी चुनावी रैलियों में 'अग्निपथ' योजना की कमियां गिना रहे हैं। इतना ही नहीं, कांग्रेस नेता इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया में भी मुखर हैं। मंगलवार को राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा, 'अग्निपथ' योजना, भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले



बहादुर युवाओं का अपमान है। यह भारतीय सेना की नहीं, नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है, जिसे सेना पर थोप दिया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 'अग्निपथ' पर अस्पष्ट इसलिए हैं, क्योंकि भाजपा युवाओं को गुमराह करके सिर्फ लोकसभा चुनाव में वोट लेना चाहती है।

#### अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले दिनों कहा था कि उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है। हालांकि राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, अग्निवीरों का भविष्य बेहद सुनहरा है। अग्निवीरों को अलग-अलग सरकारी विभागों में नौकरी मिलेगी। राहुल गांधी ने अग्निवीरों को लेकर अपनी पोस्ट में लिखा, शहीदों के साथ दो तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता, हर व्यक्ति जो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है, उसे शहीद का दर्जा मिलना चाहिए।

---

### 1967 का है वाकया... इनसे ही बनी है 'आया राम, गया राम' कहावत

# एक ही दिन में तीन बार पार्टी बदलने वाला विधायक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच दलबदल शब्द 2 कारणों से सुर्खियों में है। पहला कारण भारतीय जनता पार्टी का टिकट वितरण है। एडीआर के मुताबिक सत्ताधारी बीजेपी ने 28 प्रतिशत टिकट दलबदलुओं को दिया है। दलबदल शब्द के चर्चा में होने की दूसरी बड़ी वजह कांग्रेस का मेनिफेस्टो है। कांग्रेस पार्टी ने वादा किया है कि 2024 में अगर उसकी सरकार बनती है, तो वो दलबदल को लेकर सख्त कानून बनाएगी। 2014 से लेकर अब



तक देश में सांसद-विधायक स्तर के करीब 1200 नेताओं ने पाला बदला है। एडीआर के मुताबिक 2014 से 2021 तक संसद स्तर के 426 नेताओं ने बीजेपी का दामन थामा है। भारत में दलबदल का इतिहास करीब 60 साल पुराना है। 1967 में हरियाणा के एक विधायक गया लाल ने एक दिन में ही 3 बार पलटी मारी थी। उनके इस कृत्य की चर्चा आज तक होती है। गया लाल हरियाणा के 2 बार विधायक रह चुके हैं। वर्तमान में उनकी विरासत उनके बेटे चौधरी उदयभान संभाल रहे हैं। चौधरी उदयभान हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं।

#### दलबदल की कहानी

*पंजाब से अलग होने के बाद साल 1967 में हरियाणा में विधानसभा के चुनाव हुए। 81 सीटों के लिए हुए इस चुनाव में कांग्रेस को 48 सीटों पर जीत मिली। पार्टी की तरफ से भगवत दयाल को मुख्यमंत्री बनाया गया। कांग्रेस के 12 विधायकों ने दयाल का विरोध कर दिया। कांग्रेस को अल्पमत में आते देख विपक्षी पार्टियों ने संयुक्त मोर्चा का गठन किया, जिसमें 16 निर्दलीय विधायक भी शामिल थे। इन विधायकों के सहयोग से राव बीरेंद्र सिंह हरियाणा के मुख्यमंत्री बने, लेकिन तभी एक बड़ा उलटफेर हो गया। कांग्रेस हाईकमान ने हसनपुर से निर्दलीय विधायक गया लाल को तोड़ लिया। गया लाल ने दोपहर दो बजे चंडीगढ़ के कांग्रेस कार्यालय में पार्टी की सदस्यता भी ले ली। लेकिन अपनी सरकार बचाने सीएम राव बीरेंद्र सिंह गया लाल को मनाने में जुट गए। देर रात उन्हें कामयाबी भी मिली और गया लाल उसी दिन फिर से संयुक्त मोर्चा में शामिल हो गए। गया लाल को लेकर जब मुख्यमंत्री राव से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि गया राम जी अब आया राम हो गए हैं। बाद में संसद में इसे तत्कालीन केंद्रीय मंत्री वाईवी चौहान ने दलबदलुओं के लिए एक मुहावरे के तौर पर पेश किया। चौहान ने कहा कि देश में अब आया राम और गया राम के खेल को रोकेने की जरूरत है।*

#### क्यों आई दलबदल की ऐसी नौबत

गया लाल को एक ही दिन में 3 बार पार्टी क्यों बदलनी पड़ी, इसको लेकर उनके बेटे चौधरी उदयभान ने एक खुलासा किया था। उदयभान के मुताबिक 1967 में मेरे पिता विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन भगवत दयाल ने उनका टिकट कटवा दिया। विधायकों ने जब बगावत शुरू किया, तब राव बीरेंद्र सिंह के कहने पर वे विपक्षी मोर्चे में शामिल हो गए। उदयभान के मुताबिक बीरेंद्र सिंह की सरकार बनने के बाद उनसे कांग्रेस के बड़े नेताओं ने संपर्क साधा और यह आश्वासन दिया कि चौधरी चांदराम मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन वे अपने वादे से मुकर गए। इसके पिता जी फिर विपक्षी गठबंधन में चले गए। उदयभान आगे कहते हैं- 1972 और 1982 में भी उनसे कांग्रेस ने संपर्क किया, लेकिन बूटा सिंह ने उनकी टिकट कटवा दी।

#### देश के 3 बड़े दलबदलू

- हीरानंद आर्य- हरियाणा के पूर्व मंत्री हीरानंद आर्य अपने पूरे राजनीतिक जीवन में 7 बार दल बदले। आर्य कांग्रेस, लोकदल और जनता पार्टी के जरिए यह खेल कर चुके हैं।
- स्वामी प्रसाद मौर्य- उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य भी अपने राजनीतिक करियर में 5 बार पाला बदल चुकेहैं।
- नरेश अग्रवाल- मुलायम सरकार में मंत्री रहे नरेश अग्रवाल अभी बीजेपी में हैं। 40 साल के राजनीतिक करियर में अग्रवाल 4 पार्टियों में रह चुके हैं।

16- APR- COR- MAIN- Pg- 8 CHOUPAL_Layout 1 4/16/2024 8:48 PM Page 1



कला जगत

डा परदेशी राम वर्मा

# कालजई धुनों के रचयिता मुरली चंद्राकर



छत्तीसगढ़ में बालोद जिले के अर्जुंदा ग्राम में 1932 को मुरली चंद्राकर का जन्म हुआ। आप भिलाई इस्पात संयंत्र में शिक्षक रहे। इसके साथ ही लोक मंच चंदैनी गोंदा के मंच में तबला वादक के रूप में पहचान बनाई। आप प्रसिद्द तबला वादक जगन्नाथ भट्ट से संगीत की शिक्षा ली थी। जल तरंग और आरी तरंग वादन करते हुए अजगर जी के साथ काफी रियाज किए। आपने छत्तीसगढ़ी फिल्म कारी का भी सफल निर्देशन किया। इसी तरह संगीत जगत में प्रयोगवादिता के रूप में आपकी विशेष पहचान रही। आपके संगीतबद्ध रचनाएं कालजई हो गई हैं। आज भी आकाशवाणी के माध्यम से आपके संगीत से सजे गीतों की प्रस्तुति होते रहते हैं। श्रोता मंत्रमुग्ध होकर इन गीतों को सुनते हैं। आपके संगीतबद्ध यह रचनाएं -

*ऐ दे जिनगी के नई हे ठिकाना*
*लहर गंगा ले लेतेन जोड़ी.....*
*देखे देवर बाबू, तोर भईया के चाल.....*

जनजाति विशेष

डा महेश श्रीवास्तव

# विकास से कोसों दूर बिरहोर जनजाति



सरगुजा और रायगढ़ अंचल में निवास करने वाली बिरहोर जनजाति का ऐसा समूह जो वर्तमान में स्थाई जीवन पद्धति को अपना लिया है उसे जांघी बिरहोर कहा जाता है। इस समुदाय के लोग अब उथलू बिरहोर से काफी समानता रखते हैं। इनके सदस्य अपने निवास स्थल के आसपास जंगल व झाड़ियों को साफ कर कृषि हेतु जमीन तैयार कर उसमें कमोबेश खेती करने लगे हैं। यह जनजाति वर्ष भर में बरसात के दिनों को छोड़ कर छोटे छोटे समूहों में अपने परिवार के साथ जंगल व पहाड़ों में खाद्य सामग्री की तलाश में घूमते रहते हैं। परिवार के अविवाहित सदस्य अपने मुखिया के नेतृत्व में जीवन की आवश्यक वस्तुओं के साथ अपने इष्ट देव ( लकड़ी या पत्थर के रूप में ) को साथ रखना नहीं भूलते। पुरुष सदस्य अपने साथ शिकार करने हेतु जाल, औजार तथा हथियार रखते हैं तथा महिलाएं बांस के पत्ते की चटाई, टोकरी एवम्-अन्य घरेलू सामान तथा भोज्य पदार्थ लेकर चलती हैं।

पुस्तक समीक्षा

# छत्तीसगढ़ के साहित्य साधक




कृति के नाव
छत्तीसगढ़ के साहित्य साधक

लेखक
प्रो अश्विनी केशरवानी

प्रकाशक
श्री प्रकाशन दुर्ग

पुस्तक समीक्षा
डा पुष्पलता मिश्रा

मूल्य
तीन सौ रुपए

हम सभी जानते हैं कि छत्तीसगढ़ की साहित्यकार परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है, लेकिन आज से साठ से सत्तर दशक के रचनाकारों की कृतियों को पढ़ना चाहें तो आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती। इससे इन साहित्यकारों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं मिल पाता। यहां लेखक ने उन साहित्य पुरोधाओ को अपनी पुस्तक के माध्यम से रखने का अच्छा प्रयास किया है। इस पुस्तक से हम अपने साहित्यिक पुरोधाओं के बारे में विस्तार से जान और समझ सकते हैं तथा साहित्य से संबंधित लाभ उठा सकते हैं। इसे दुर्लभ पुस्तक की श्रेणी में हम रख सकते हैं।



बस्तर अंचल में माना जाता है कि आम के पेड़ पर साक्षात देवता विराजमान होते हैं, इसलिए इस आम फल को खाने में उपयोग करने से पहले अक्षय तृतीया के दिन विधिवत पूजा की जाती है। इस अनुष्ठान को आमा अख्तई तिहार कहा जाता है। मान्यतानुसार इस पूजा में पितरों को तर्पण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जाती है।

# बस्तर में मनाया जाता है आमा अख्तई तिहार

परब विशेष : यामिनी पांडे



आम के पेड़ का हमारी संस्कृति में काफी महत्व देखा जाता है। आम की लकड़ी का उपयोग हवन में तथा इसके पत्ते का तोरण पूजा के समय बनाया जाता है, वहीं आम का उपयोग फल के रूप में करते हैं तथा आम को फलों का राजा भी कहा जाता है। बस्तर अंचल में माना जाता है कि आम के पेड़ पर साक्षात देवता विराजमान होते हैं, इसलिए इस आम फल को खाने में उपयोग करने से पहले अक्षय तृतीया के दिन विधिवत पूजा की जाती है। इस अनुष्ठान को आमा अख्तई तिहार कहा जाता है। पूजा के लिए इस दिन परिवार के मुख्य सदस्य जो सामान्यतः पुरूष होते हैं वे आम के नए फलों को पेड़ से तोड़कर लाते हैं। यहां के निवासी आसपास के नदी तट पर जाकर स्नान करने के बाद विधिवत पूजा करते हैं। मान्यतानुसार इस पूजा में पितरों को तर्पण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जाती है। जब तक नदी तट में पूजा की विधि पूरी होती है तब तक घर में गृहिणियां आम की सब्जी, चटनी, आम वाली दाल, चिवड़ा और गुड़ मिश्रित सूक्सी (मछली) की सब्जी बनाती हैं। पूजा के बाद घर के लोग अपने से बड़े सदस्यों से आशीर्वाद लेकर सामूहिक भोजन करते हैं। लोगों में ऐसी धारणा है कि पूजा के पूर्व आम का उपयोग करने से देवी प्रकोप का असर किसी न किसी रूप में देखा जाता है।



# पहाड़ी वाली माता रानी के दरबार में पूरी होती है मन्नत



आस्था: तिलकेश्वरी पठारे

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में लौह अयस्क दल्ली राजहरा के बीहड़ जंगलों और पहाड़ों के बीच माता रानी का भव्य दरबार है। इस पहाड़ी वाली माता का भव्य मन्दिर जमीन तल से लगभग 200 मीटर की ऊंचाई पर है। मान्यतानुसार इस स्थान पर लगभग 1958-59 में खदान की खुदाई हुई। जब खदान में मजदूर काम कर रहे थे, उसी दौरान वहां पर पत्थरों के बीच मे स्वयंभु गणेश की प्रतिमा प्राप्त हुई जिसमें पहले से ही चांदी का आंख लगा हुआ था। यहां के भक्त के पास आए स्वप्न के अनुसार इसी स्थल पर भव्य माता मंदिर और गणेशजी की स्थापना की गई। इस स्थान को मयूर पानी खदान कहा जाता है। मंदिर में अनेक चमत्कारी प्रभाव को देखकर भक्तों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भक्त यहां कठिन रास्तों से होकर मनोकामना पूर्ति हेतु पहुंचते हैं तथा ज्योति कलश प्रज्जवलित कराते हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों और विदेशों से भी भक्त यहां पहुंचते रहते हैं। मंदिर परिसर में भैरव बाबा, शिवलिंग, बजरंग बली एवं शीतल माता भी विराजित हैं।



ऐतिहासिक

घनश्याम सिंह नाग

किवंदती है कि छचान चोंढीन बहादुर कलारीन की यहां शराब भट्टी हुआ करती थी, इसलिए इस चट्टान को भाटी पखना कहते हैं।

# अनेक अवशेष मौजूद हैं भाटी पखना में



बस्तर की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर के पास बारदा नदी में एक विस्तृत चट्टान फैला हुआ है, संभावना है कि पहले यह नदी का तट रहा होगा तथा कटाव के कारण नदी में मिल गया हो। चट्टान में हैंडीनुमा अनेक गोल गोल कुंड हैं, तथा चट्टान के किनारे चूल्हे की आकृति बनी हुई है। किवंदती है कि छचान चोंढीन बहादुर कलारीन की यहां शराब भट्टी हुआ करती थी, इसलिए इस चट्टान को भाटी पखना कहते हैं। शराब बनाने के लिए महुए को हांडी में डुबो कर रखा जाता है जब महुआ शराब बनने लायक हो जाता है तो उसे पास आना कहते हैं, तथा जिस हांडी में पास आने के लिए महुआ डुबोया जाता है उसे पास हांडी कहते हैं। बहादुर कलारीन सात सागर सात कोरी एक सौ सैतालिस हांडी पास का शराब बनाती थी, जिसे खरदूषण अकेला पी जाता था।

गांव की कहानी

कृष्ण रंजन

# राजाओं के विरासत का साक्षी खैरागढ़



पिपरिया, मुसका और आमनेर नदी के मध्य में एक दुर्ग बना कर अपने नाम से एक नवीन नगर का श्रीगणेश किया। पहले इस नगर का नाम खड़गढ़ था। धीरे धीरे राज्य के नाम अनुसार खैरागढ़ में परिवर्तित हो गया।

छत्तीसगढ़ के नव निर्मित जिला गंडई -खैरागढ़ -छुईखदान जिला मुख्यालय राजनांदगांव से तीस कि मी दूरी पर राजा खड़गराय नरेश द्वारा सन 1755 ई में बसाया गया था। पिपरिया, मुसका और आमनेर नदी के मध्य में एक दुर्ग बना कर अपने नाम से एक नवीन नगर का श्रीगणेश किया। पहले इस नगर का नाम खड़गढ़ था। धीरे धीरे राज्य के नाम अनुसार खैरागढ़ में परिवर्तित हो गया। सन 1743 में नागपुर के मराठा नरेशों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश को महाराज मंडला तथा रतनपुर से छिन कर अपने अधीन कर लिया। इस कारण खैरागढ़ का संबंध मंडला से विछिन्न होकर नागपुर से जुड़ गया। सन 1755 में मृत्यु के पूर्व रघोजी ने खड़गराय को नागपुर बुलवाया और उनसे नवीन संधि की, इसके अनुसार 500 नागपुरी रुपए वार्षिक कर ठहराया गया। खैरागढ़ और मंडला से उन्हें जो अधिकार मिला था, उसे नागपुर ने भी स्वीकार कर लिया।



16- APR- COR- MAIN- Pg- 9 SODKU-VAYPAR_Layout 1 4/16/2024 9:41 PM Page 1



# लिंक्डइन ने जारी की शीर्ष भारतीय कंपनियों की सूची, टीसीएस रही टॉप पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रोफेशनल नेटवर्किंग साइट लिंक्डइन हर साल भारत में काम करने वाली 25 बेस्ट कंपनियों की लिस्ट को जारी करती है। साल 2024 की भी शीर्ष 25 कंपनियों की लिस्ट जारी कर दी गई है जिसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने टॉप पर अपनी जगह बनाई है।

मंगलवार को जारी की गई लिस्ट के मुताबिक भारत में काम करने वाली शीर्ष कंपनियों की लिस्ट में दूसरे और तीसरे स्थान पर एक्सेंचर और कॉग्निजेंट का नाम है। इस लिस्ट में सबसे ज्यादा फाइनेंशियल सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों ने अपनी जगह बनाई है। इसके अलावा आईटी सेक्टर, डाटा स्टोरेज टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संबंधित कई कंपनियों को भी इस सूची में जगह मिली है।

### चौथे स्थान पर मैक्वेरी ग्रुप

लिंक्डइन द्वारा जारी की गई शीर्ष 25 कंपनियों की लिस्ट में टीसीएस को सबसे बेस्ट कंपनी का अवार्ड मिला है। टॉप 25 कंपनियों की लिस्ट में 500 से अधिक कर्मचारियों वाली कंपनियों को शामिल किया गया है। पिछले साल भी कंपनी इस लिस्ट में टॉप पर थी। ऐसे में कंपनी ने अपने स्थान को बरकरार रखा है। वहीं इस लिस्ट में चौथे स्थान पर मैक्वेरी ग्रुप, पांचवें पर मॉर्गन स्टेनली और छठे स्थान पर डेलाइट का नाम है।

## हर साल देश में काम करने वाली 25 बेस्ट कंपनियों की सूची होती है जारी

### टॉप पर रहा बेंगलुरु

*इसके अलावा लिंक्डइन ने देश के उन शहरों की भी लिस्ट जारी की है जो कंपनियों के लिहाज से सबसे बेस्ट है। इसमें शीर्ष पर आईटी सिटी बेंगलुरु ने अपनी जगह बनाई है। इसके अलावा इस लिस्ट में हैदराबाद, मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे को भी स्थान मिला है।*

### मध्यम आकार की कंपनियों की लिस्ट भी जारी

*लिंक्डइन ने इस साल मध्यम आकार की कंपनियों जिसमें 250 से 500 कर्मचारी हैं उसकी लिस्ट भी जारी की है। इस मिड साइज कंपनियों की लिस्ट में सास प्लेटफॉर्म लेंट्रा ने शीर्ष पर अपना स्थान बनाया है। वहीं इस लिस्ट में ट्रैवल वेबसाइट मेक माय ट्रिप,प्राडन, नाइका और ड्रीम11 को भी स्थान मिला है।*

### सातवें स्थान पर एंड्रेस प्लस हाउजर ग्रुप

*इस लिस्ट में सातवें स्थान पर एंड्रेस+हाउजर ग्रुप, 8 वें स्थान पर ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब और 9 वें स्थान पर जेपी मार्गन चेंज एंड कंपनी ने अपनी जगह बनाई है। इस लिस्ट में 10वें स्थान पर पेप्सिको का नाम है। टॉप-25 की लिस्ट में एचसीएल-ईवाई, अमेजन, मास्टरकार्ड, आईसीआईसीआई बैंक, मैकलिन और गोल्ड सांचे जैसी कंपनियों के नाम भी शामिल है।*

## खबर संक्षेप

### सड़क निर्माण बढ़कर 13,000 किलोमीटर होगा : इक्रा

**नई दिल्ली।** देश में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सड़क निर्माण पांच से आठ प्रतिशत बढ़कर 12,500-13,000 किलोमीटर होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2023-24 में 20 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा कि निर्माण की गति को आने वाले चालू वित्त वर्ष में सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के आने वाली परियोजनाओं, सरकार द्वारा पूंजी परिव्यय में वृद्धि और परियोजनाओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने से मदद मिलेगी।

### अपोलो टायर्स को 2.06 करोड़ की कर मांग मिली

**नई दिल्ली।** अपोलो टायर्स लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसे जीएसटी प्राधिकरण से 2.06 करोड़ रुपये की कर मांग और जुर्माने का आदेश मिला है। कंपनी ने बताया कि तमिलनाडु में जीएसटी प्राधिकरण ने इनपुट टैक्स क्रेडिट(आईटीसी) का लाभ उठाने और अन्य मुद्दों के चलते यह आदेश जारी किया। अपोलो टायर्स ने शेयर बाजार को बताया कि तमिलनाडु के उपायुक्त (सीटी) ने जीएसटी अधिनियम के तहत एक आदेश पारित किया है, जिसमें जीएसटी मांग और जुर्माने सहित 2.06 करोड़ रुपये की मांग की गई है।

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सराफा में मांग बढ़ी

# सोना 700 रुपए के उछाल के साथ नए उच्चस्तर पर, चांदी का भी रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुझानों को देखते हुए मंगलवार को लगातार दूसरे दिन स्थानीय सराफा बाजार में बढ़त का सिलसिला कायम रहा और सोने और चांदी की कीमतें नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

सोमवार को यह 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमत 800 रुपये उछलकर 86,500 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई।

### बाजारों से सकारात्मक संकेत

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही है, जो पिछले बंद भाव से 700 रुपये की तेजी को दर्शाता है।'

### खास बातें

- सोना बढ़कर 73, 750 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी भी 800 रुपए उछलकर 86,500 रुपए प्रति किलोग्राम

### सोना 2370 डॉलर प्रति औंस पर कामकाज कर रहा

*अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,370 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 15 डॉलर अधिक है। पिछले सप्ताह इजराइल पर ईरान के हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच सुरक्षित संपत्ति की मांग बढ़ने से सोने में तेजी आई।*

### सोना बना सुरक्षित निवेश विकल्प

*गांधी ने कहा कि निवेशकों का ध्यान संभावित जवाबी हमले की ओर गया, जिससे दोनों देशों के बीच पूर्ण युद्ध शुरू होने का खतरा बढ़ सकता है। इससे सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में सर्राफा की मांग बढ़ी है। चांदी भी बढ़त के साथ 28.40 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई।*

### पावेल के भाषण का इंतजार

*पिछले कारोबार में यह 28.25 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। इसके अलावा निवेशक पिछले सप्ताह उम्मीद से अधिक मुद्रास्फीति के आंकड़ों के बाद मंगलवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के भाषण का इंतजार करेंगे, जो मौद्रिक नीति दृष्टिकोण पर अधिक जानकारी प्रदान करेगा।*

### सोने में सबसे अधिक वायदा कारोबार

*इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने का सबसे अधिक कारोबार वाला जून अनुबंध 349 रुपये की तेजी के साथ 72,626 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। दिन में कारोबार के दौरान यह 72,927 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चस्तर पर पहुंच गया।*

### एमसीएक्स में चांदी में मई अनुबंध घटा

*हालांकि, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी का मई अनुबंध 314 रुपये की गिरावट के साथ 83,537 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक - जिंस एवं मुद्रा जतीन त्रिवेदी ने कहा, एमसीएक्स पर सोने में उछाल आया।*

### सोने के प्रति धारणा मजबूत

*त्रिवेदी ने कहा, कॉमेक्स पर सोना रातोंरात बढ़त के साथ 2,370 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। त्रिवेदी ने कहा कि आगे जाकर जब तक भू-राजनीतिक तनाव बना रहता है और बढ़ता रहता है, तब तक सोने के प्रति धारणा में तेजी बनी रहेगी।*

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 456 अंक और लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका के बीच मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 456.10 अंक की गिरावट के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 124.60 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, मारुति, आईटीसी, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक राजनीतिक तनाव की आशंका और हाल-फिलहाल नीतिगत दर में कटौती की संभावना कम होने के बीच घरेलू बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। अनुमान से अधिक मजबूत अमेरिकी खुदरा बिक्री के आंकड़ों के बाद चिंता बढ़ी है। शेयर बाजार बुधवार को 'रामनवमी' के अवसर पर बंद रहेगा।

### निवेशकों की पूंजी 7.93 लाख करोड़ घटी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच स्थानीय शेयर बाजार में तीन सत्र से जारी गिरावट से निवेशकों की पूंजी 7.93 लाख करोड़ रुपये घट गई है। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) तीन दिन में 7,93,529.61 करोड़ रुपये घटकर 3,94,25,823.46 रुपये (4750 अरब अमेरिकी डॉलर) पर आ गया है।

## जेएनके इंडिया का आईपीओ 23 अप्रैल को खुलेगा

**नई दिल्ली।** हीटिंग उपकरण बनाने वाली कंपनी जेएनके इंडिया लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 23 अप्रैल को खुलेगा। मंगलवार को दाखिल आईपीओ दस्तावेजों (आरएचपी) के अनुसार, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 25 अप्रैल को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशकों के लिए बोली 22 अप्रैल को एक दिन के लिए खुलेगी। आईपीओ में 300 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

# टेस्ला 15,000 कर्मचारियों की करेगा छंटनी, मांग में कमी बड़ी वजह

## कंपनी के सीईओ ने लगभग 10 फीसदी कर्मियों को निकालने का किया था ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- मस्क ने कर्मचारियों को ई-मेल भेजकर दी जानकारी

दिग्गज इलेक्ट्रिक वेहिकल निर्माता कंपनी टेस्ला में बड़ी छंटनी होने जा रही है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कंपनी के लगभग 10 फीसदी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का ऐलान कर दिया था। इसके लिए इलेक्ट्रिक वेहिकल की डिमांड में आई सुस्ती को जिम्मेदार बताया गया है। एलन मस्क ने टेस्ला के कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। मेल में कहा गया है कि कंपनी के कई डिपार्टमेंट में एक ही जिम्मेदारी पर कई लोग काम कर रहे हैं। साथ ही कुछ जगहों पर काम करने के तरीके में भी बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही है। हमें कठिन फैसला लेते हुए अपनी ग्लोबल वर्कफोर्स में से 10 फीसदी लोगों को नौकरी से निकालना होगा।

### सीएफओ ने जनवरी में ही दे दिए थे संकेत

*कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर वैभव तनेजा ने जनवरी में कहा था कि हमें एक-एक पैसा बचाने की कोशिश करनी चाहिए। हमारे पास एक मजबूत टीम है, जो इस दिशा में काम कर रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले टेस्ला ने साल 2022 में भी लगभग 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी की थी।*

### कम से कम 15 हजार कर्मचारियों पर गिरेगी गाज

*टेस्ला में पिछले साल तक 1,40,473 कर्मचारी थे। पिछले 3 साल में यह आंकड़ा दोगुना हो चुका है। कंपनी अपने ऑस्टिन और बर्लिन प्लांट का उत्पादन बढ़ाना चाह रही है। यदि पूरी दुनिया में यह छंटनी लागू होती है तो कम से कम 15 हजार कर्मचारियों की नौकरी जाएगी। पिछले महीने कंपनी ने जो बिक्री आंकड़े जारी किए थे, उनमें बड़ी गिरावट देखी गई थी। चार साल में पहली बार किसी तिमाही में कंपनी की बिक्री घटी थी। कंपनी के साइबरट्रक द्वारा अच्छा प्रदर्शन न करने के चलते ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले समय में सेल में और गिरावट आएगी।*

## जोमैटो ने बड़े ऑर्डर की आपूर्ति के लिए बनाया अलग दस्ता

**नई दिल्ली।** खाद्य उत्पादों के ऑनलाइन आपूर्ति मंच जोमैटो ने 50 लोगों तक की भागीदारी वाले कार्यक्रमों के लिए सामान पहुंचाने के इरादे से मंगलवार को देश में पहली बार बड़े ऑर्डर का एक अलग दस्ता शुरू करने की घोषणा की। जोमैटो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने कई पोस्ट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बड़े ऑर्डर की आपूर्ति के लिए बना यह खास दस्ता पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेगा। गोयल ने कहा, 'आज हम भारत का पहला बड़ा ऑर्डर दस्ता पेश करने के लिए रोमांचित हैं। यह दस्ता सामूहिक बड़े समूह, पार्टी एवं आयोजन जैसे आपके सभी बड़े ऑर्डर को आसानी से संभाल पाएगा।

### आदित्य बिड़ला कैपिटल ने पेश किया डिजिटल मंच

मुंबई। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने मंगलवार को एक डिजिटल मंच पेश किया। इसके जरिए कंपनी का मकसद अगले तीन वर्षों में तीन करोड़ नए ग्राहक जोड़ने का है। पेश किए जाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि इस मंच का उद्देश्य निर्बाध तरीके से नए ग्राहक जोड़ना है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**स्टोर्स आइटम्स की आपूर्ति हेतु निविदा सूचना**

ई- निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/14/24/21, दिनांक 09.04.2024.

| क्र. सं. | टेन्डर संख्या | विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03242614 | डम्प वाल्व टु एफटीआरआईएल | 29.04.2024 | 40 नग |
| 2. | 02241851 | ड्राईवर सीट असेंबली फॉर डब्ल्यूएजी जी–09 लोको | 30.04.2024 | 79 नग |
| 3. | 04241155 | 110 वोल्ट ब्रुशलेस सेंसरलेस डीसी | 30.04.2024 | 1592 नग |
| 4. | 06240104 | सीएमएस क्रॉसिंग्स–60 केजी 1 इन 16 | 30.04.2024 | 05 सेट |
| 5. | 06240105 | कर्वेड स्वीचेस 60 केजी 1 इन 16 | 30.04.2024 | 03 सेट |
| 6. | 05241185 | एलईडी सिगनल लैम्प फॉर मेन कलर लाइट सिगनल | 08.05.2024 | 1722 नग |
| 7. | 03243380 | फ्लेप डोर अरेंजमेंट बॉक्सएनएचएल | 09.05.2024 | 3075 नग |
| 8. | 07241536 | मैन्युल मेटल आर्क वेल्डिंग एलेक्ट्रोड, साइज 5x450 एमएम, क्लास ए2 | 13.05.2024 | 175461 मीटर |
| 9. | 03241411 | एमटी लोड डिवाइस आईआर–ईएलडी –10 | 15.05.2024 | 758 नग |
| 10. | 05241186 | एलईडी सब्सीडायरी सिगनल (शंट) | 15.05.2024 | 2184 नग |

निविदा खुलने/बंद होने का समयः- 10.30 बजे

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते है।

सीपीआर/10/19 कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**इलेक्ट्रिकल कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्र.संख्या (1) निविदा सूचना सं.: सीपीएम/ईएल/एसईसीआर/बीएसपी/2X25Kv/24-25/01, दिनांकः 05.04.2024.**

**कार्य का नामः** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल, रायपुर–लखोली खंड के बीच मौजूदा 1X25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2X25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। **निविदा मूल्यः** ₹ 23,26,39,571/-. **अमानत राशिः** ₹ 13,13,200/-. **निविदा दस्तावेज की लागतः** निरंक। **कार्य की पूर्णता अवधिः 12 (बारह) माह** एलओए (स्वीकृति पत्र) की जारी होने की तिथि से।

**निविदा बंद होने की तिथि व समयः 30.04.2024 को 15:00** बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि व समयः 30.04.2024 को 15:30** बजे।

विस्तृत जानकारी/ निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु, मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, प्रथम तल, जी.एम. बिल्डिंग, बिलासपुर पिनः 495004 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते है।

कृते मुख्य परियोजना प्रबंधक(विद्युत)/ बिलासपुर

सीपीआर/10/08

South East Central Railway @secrail


## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता

## शब्द पहेली - 5484



**बाएँ से दाए**

1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**

1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

**शब्द पहेली - 5483 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5495

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5494 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

16- APR- K&C- MAIN- Pg- 11 KHEL_Layout 1 4/17/2024 12:26 AM Page 1



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 6 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
11 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री मीटर
894 चौके
525 छक्के

## खबर संक्षेप



### पहलवान रोहित दहिया एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक दौर में

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत के रोहित दहिया ने कांस्य पदक दौर में जगह बनाई जिससे वह मंगलवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में पदक की दौड़ में बचे देश के एकमात्र ग्रीको-रोमन पहलवान रहे। ऐसे दिन जब अन्य सभी भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का प्रदर्शन खराब रहा तब दहिया (82 किग्रा) ने दुनिया में 12वें नंबर के पहलवान उज्बेकिस्तान के मुखम्मदकोडिर रसुलोव के खिलाफ कांस्य पदक मुकाबले में जगह बनाई। प्रतिस्पर्धा पेश कर रहे अन्य तीन पहलवान परवेश (60 किग्रा), विनायक सिद्धेश्वर पाटिल (67 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) शुरुआती दौर में बाहर हो गए। हालांकि सोफिया में 2022 विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले दहिया जापान के योशिदा ताइजो के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 2-7 की शिकस्त के बावजूद कांस्य पदक के दौर में पहुंच गए क्योंकि उन्हें हराने वाले प्रतिद्वंद्वी ने फाइनल में जगह बनाई।

### आरसीबी-सनराइजर्स मैच में लगी छक्कों की झड़ी : फिंच

**बेंगलुरू।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने अपने आईपीएल मैच में छक्कों की झड़ी लगा दी जिससे बल्लेबाजी के लिए बहुत अधिक जगह नहीं बची थी और मायने यह रखता था कि सबसे ज्यादा छक्के किसने लगाए। इस मैच में कुल 38 छक्के लगे। फिंच ने कहा, ''यह ऐसा मैच कभी नहीं होगा जहां आप बल्लेबाजी के बारे में बात करेंगे। यह ऐसा मैच है जहां आप बात करेंगे कि सबसे ज्यादा छक्के किसने मारे और यही अंतर था।'' उन्होंने कहा, ''उन्हें आरसीबी को 14 रन प्रति ओवर से शुरुआत करनी थी और यदि आपका एक ओवर खराब हुआ तो यह 16 हो जाता है।'



### हम पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करना चाहते हैं

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में बार बार रिकॉर्ड स्कोर बनाकर टी20 बल्लेबाजी को एक अलग ही स्तर पर पहुंचा दिया है और ट्रेविस हेड का कहना है कि उनकी रणनीति का मुख्य हिस्सा पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन जुटाना रहा है। हेड ने सोमवार को 39 गेंद में 100 रन की पारी खेलकर सनराइजर्स हैदराबाद को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाने में मदद की। हेड ने कहा कि उनकी कोशिश पावरप्ले के अंदर अर्धशतक जड़ने की रहती है। यह दूसरी बार है जब हेड ने पहले छह ओवर के अंदर ही पचासा पूरा कर लिया हो।




# आईपीएल में इन गेंदबाजों ने किया है विराट कोहली को सबसे ज्यादा बार आउट

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में विराट कोहली के आंकड़े कमाल के हैं। वह इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। एक तरफ जहां उनकी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस लीग में अब तक एक भी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है तो वहीं, कोहली के बल्ले से हमेशा रन निकले हैं। हालांकि, उन्हें कई गेंदबाजों ने परेशान भी किया है और जब-जब कोहली उनके सामने आए इन गेंदबाजों ने अधिकांश बार उन्हें पवेलियन पहुंचाया।



### संदीप सबसे ज्यादा 7 बार भेजा पवेलियन

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने आईपीएल में सबसे ज्यादा बार कोहली को आउट किया है। उन्होंने 15 पारियों में 7 बार इस बल्लेबाज को पवेलियन भेजा है। संदीप ने 4 बार आरसीबी के पूर्व कप्तान को पॉवरप्ले के दौरान ही पवेलियन की राह दिखाई है। कोहली ने इस दौरान 67 गेंदों में 87 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 129.85 की रही है। उनके बल्ले से 11 चौके और 1 छक्का निकला है।

### नेहरा ने 6 बार किया है कोहली को आउट

पूर्व तेज गेंदबाज और अभी गुजरात टाइटंस के मेंटर आशीष नेहरा ने आईपीएल में कोहली को काफी परेशान किया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 10 पारियों में 6 बार उन्हें पवेलियन की राह दिखाई है। कोहली इस खिलाड़ी के सामने 54 गेंदों में सिर्फ 60 रन ही बना पाए हैं। नेहरा आईपीएल में 5 टीमों के लिए खेलते हुए नजर आए हैं।



### बुमराह ने 5 बार भेजा पवेलियन

आईपीएल में मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कोहली को 16 पारियों में 5 बार आउट किया है। साल 2013 में बुमराह ने अपना पहला आईपीएल विकेट कोहली का ही लिया था। इस तेज गेंदबाज के खिलाफ कोहली ने 95 गेंद का सामना किया है और उनके बल्ले से 140 रन निकले हैं। बुमराह का आईपीएल में 100वां शिकार भी कोहली ही थे।

### शमी ने भी 5 बार किया आउट

गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण आईपीएल 2024 नहीं खेल पा रहे हैं। कोहली को इस तेज गेंदबाज ने 12 पारियों में 5 बार पवेलियन की राह दिखाई है। शमी की बाहर जाती हुई स्विंग गेंदों ने कोहली को बहुत परेशान किया है। शमी के खिलाफ कोहली ने 77 गेंदों का सामना किया है और 107 रन बनाए हैं।

बटलर की शानदार पारी से राजस्थान ने रोमांचक मुकाबले में कोलकाता को हराया

# नारायण पर भारी बटलर की पारी रॉयल्स ने कोलकाता के मुंह से छीनी जीत

एजेंसी ⏭ कोलकाता

जोस बटलर के नाबाद शतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जोरदार वापसी करते हुए कोलकाता के सुनील नारायण के पहले टी20 शतक पर पारी फेरते हुए उसके मुंह से जीत छीन ली। इसके साथ ही कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। नाइट राइडर्स के 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम 13वें ओवर में छह विकेट पर 121 रन बनाकर संकट में थी लेकिन बटलर 60 गेंद में नाबाद 107 रन की बदौलत अंतिम गेंद पर आठ विकेट पर 224 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। रियान पराग (34) और रोवमैन पावेल (26) ने भी उपयोगी पारियां खेली।

### रायल्स की सबसे बड़ी जीत दूसरे स्थान पर काबिज

आईपीएल में लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रायल्स की यह सबसे बड़ी जीत है। रॉयल्स ने इससे पहले 2020 में पंजाब किंग्स के खिलाफ भी 224 रन का लक्ष्य हासिल किया था। इस जीत से रॉयल्स की टीम सात मैच में छह जीत से 12 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार है। नाइट राइडर्स छह मैच में चार जीत से आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।




### राइडर्स के खिलाड़ियों की मेहनत गई बेकार

नाइट राइडर्स की ओर से नारायण (30 रन पर दो विकेट), वरूण चक्रवर्ती (36 रन पर दो विकेट) और हर्षित राणा (45 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। नारायण ने इससे पहले ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 56 गेंद में छह छक्कों और 13 चौकों से 109 रन की पारी खेली जिससे नाइट राइडर्स ने छह विकेट पर 223 रन बनाए। उन्होंने अंगकृष रघुवंशी (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी की। इन दोनों के बाद 21 अतिरिक्त रन टीम की ओर तीसरा सर्वोच्च स्कोर रहा। रिंकू सिंह (नौ गेंद में नाबाद 20, दो छक्के, एक चौका) ने अंत में तेजतर्रार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए बटलर ने संघर्षपूर्ण पारी खेली। उन्होंने लगातार गिर रहे विकेटों के बीच टीम की उम्मीदों को जिन्दा रखा। उन्होंने मैच के आखिरी ओवर के दौरान 55 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। ये उनके आईपीएल करियर का 7वां शतक है।

खास खबर

## गुकेश ने नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेला, संयुक्त बढ़त बरकरार

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 10वें दौर में रूस के इयान नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेलकर इस खिलाड़ी के साथ संयुक्त शीर्ष बढ़त कायम रखी। भारतीयों के बीच हुए मुकाबले में आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती ने भी अंक बांटे जबकि फैबियानो कारूआना ने फिरोजा अलीरेजा को और हिकारू नाकामूरा ने निजात अबासोव को पराजित किया। अब साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में महज चार राउंड बचे हैं। गुकेश और नेपोमनियाच्ची के समान छह छह अंक हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, कारूआना और नाकामूरा इनसे आधा अंक पीछे हैं। गुजराती के छह अंक हैं, जिससे वह अकेले छठे स्थान पर काबिज हैं जबकि अलीरेजा 3.5 अंक और अबासोव दो अंक लेकर दौड़ से बाहर हो गये हैं। मंगलवार को आराम का दिन रहा जिससे मुकाबले आज बुधवार से शुरू होंगे।



## आरसीबी के मैक्सवेल ने लिया 'मानसिक और शारीरिक' ब्रेक

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने बल्लेबाजी में अपनी खराब फॉर्म के चलते आईपीएल से अनिश्चितकालीन 'मानसिक और शारीरिक' ब्रेक लेने का फैसला किया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को आरसीबी के मैच के लिए मैक्सवेल को अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था। इसका कारण मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच के दौरान लगी ऊंगली की चोट बताया गया था लेकिन बाद में मैक्सवेल ने खुद को टीम से बाहर करने की बात स्वीकार कर ली। ज्ञात हो कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में वह छह मैच में बल्ले से कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सके हैं, उन्होंने 94 के स्ट्राइक रेट से महज 32 रन जुटाये हैं। बल्कि इसमें से 28 रन तो उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बनाये थे।



## बीसीबी की दरियादिली, मुस्तफिजुर को दी 1 मई को मैच खेलने की मोहलत

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली टीम चेन्नई सुपर किंग्स बेहतरीन फॉर्म में चेल रही है। टीम 6 में से 4 मैच जीतकर अंक तालिका में तीसरे नंबर पर है। इस बीच डिफेंडिंग चैंपियंस को अच्छी खबर मिली है। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान 1 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले के लिए उपलब्ध होंगे।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के लिए उनकी छुट्टी एक दिन के लिए बढ़ा दी है। बाएं हाथ के गेंदबाज ने सीएसके के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 मैचों में 10 विकेट लिए हैं। बीसीबी ने पहले मुस्तफिजुर को आईपीएल के लिए 30 अप्रैल तक नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी किया था, लेकिन बोर्ड ने अब उन्हें अपने फ्रेंचाइजी के लिए एक और मैच खेलने के लिए एक और दिन रुकने की अनुमति दे दी है।



मुस्तफिजुर को 30 अप्रैल के बाद वापस लौटना था इस मामले की जानकारी देते हुए बीसीबी अधिकारी ने कहा मुस्तफिजुर को 30 अप्रैल के बाद वापस लौटना था, लेकिन अब हमने उन्हें 1 मई को उनके मैच के लिए रुकने की अनुमति दे दी है। जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज 3 से 12 मई तक के लिए उनके 2 मई को आने की उम्मीद है, बाद में हम उन्हें रिलीज करने के लिए तैयार नहीं हैं क्योंकि हम उन्हें विश्व कप से पहले कुछ दिनों के लिए आराम देना चाहते हैं।"

बांग्लादेश को अमेरिका की परिस्थितियों से तालमेल बिठाने के लिए 21-25 मई तक अमेरिका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ग्रुप स्टेज में 4 मैच में से 2 मैच उसे अमेरिका में खेलना है।



**यूनान में प्रज्ज्वलित की गई पेरिस ओलंपिक**

**पेरिस।** ओलंपिक में जलने वाली लौ दक्षिणी यूनान में प्राचीन खेलों के स्थल पर जलाई गई। बादलों के कारण मंगलवार को पारंपरिक तरीके से लौ जलाने के प्रयास विफल हो गए। पारंपरिक तरीके में चांदी की मशाल जलाने के लिए सूरज का इस्तेमाल किया जाता है जिसके लिए प्राचीन यूनान की पुजारिन की पोशाक पहने एक युवती हाथ में मशाल लिए रहती थी। मंगलवार को एक 'बैकअप लौ का उपयोग किया गया था जिसे सोमवार को अंतिम 'रिहर्सल के दौरान उसी स्थान पर जलाया गया था। मशाल को मशालधारियों की एक रिले द्वारा प्राचीन ओलंपिया के खंडहर मंदिरों और खेल मैदानों से ले जाया जाएगा। यूनान में रिले की 11 दिवसीय यात्रा एथेंस में पेरिस 2024 के आयोजकों को 26 अप्रैल को मशाल सौंपने के साथ समाप्त होगी।

कीवी टीम के प्रमुख खिलाड़ी खेल रहे आईपीएल में

# पाकिस्तान-न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज कल से

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच गुरुवार 18 अप्रैल से 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेली जानी है। न्यूजीलैंड के कई प्रमुख खिलाड़ी इस समय इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा ले रहे हैं और ऐसे में माइकल ब्रेसवेल की कप्तानी में टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। दूसरी तरफ पाकिस्तान की कमान बाबर आजम संभालेंगे। दोनों टीमों के बीच हुए टी-20 क्रिकेट में दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पाकिस्तान हमेशा न्यूजीलैंड पर हावी रही है।




### पाकिस्तान का पलड़ा रहा है भारी

दोनों देशों की टी-20 क्रिकेट में भिड़ंत की बात करें तो पाकिस्तान टीम का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों देशों के बीच कुल 39 टी-20 मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें से 21 पाकिस्तान ने जीते हैं, जबकि कीवी टीम 17 मुकाबले ही अपने नाम कर सकी है। इनके अलावा 1 मैच बेनतीजा रहा है। विशेष रूप से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले 6 में से 5 मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने पाक धरती पर खेली है इकलौती टी-20 सीरीज पाकिस्तान की धरती पर न्यूजीलैंड ने 2 टी-20 जीते हैं और इतने में ही शिकस्त झेली है।

### दोनों देशों के इन बल्लेबाजों ने किया है अच्छा प्रदर्शन

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच हुए टी-20 मैचों में सर्वाधिक रन पाकिस्तानी कप्तान ने 21 मैचों में 755 रन बनाए हैं। उनके बाद इस सूची में केन विलियमसन और मोहम्मद रिजवान हैं। विलियमसन ने पाकिस्तान के विरुद्ध 667 रन बनाए हैं। मोह. रिजवान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 622 रन बनाए हुए हैं। मार्क चैपमैन ने 415 रन बनाए हैं। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मैचों में सिर्फ बाबर, चैपमैन और फिन एलन ने 1-1 शतक लगाए हैं। दोनों देशों के बीच सर्वाधिक अर्धशतक बाबर (7) ने लगाए हैं। इन गेंदबाजों ने किया है कमाल दोनों देशों के बीच टी-20 मैचों में सर्वाधिक विकेट टिम साउथी ने लिए हैं।

# सबालेंका स्टुटगार्ट में पोर्शे ग्रां प्री में बडोसा से भिड़ेंगी

एजेंसी ⏭ स्टुटगार्ट (जर्मनी)

पाउला बडोसा ने डायना श्नाइडर पर 6-3, 6-4 की जीत से स्टुटगार्ट पोर्शे ग्रां प्री टेनिस प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया जिसमें उनका सामना दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका स्टुटगार्ट में पिछले तीन साल से उप विजेता रही हैं। वह 2021 में फाइनल में क्रमशः पूर्व नंबर एक एशले बार्टी तथा 2022 और 2023 के फाइनल में मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक से हार गयी थीं।

बता दें कि इस टूर्नामेंट में विश्व रैंकिंग की शीर्ष 10 की आठ खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में खेल रही हैं। सचिया ने सासनोविच को हराया। अमेरिका के



सचिया विक्रे ने बेलारूस की अलियांकसांद्रा सासनोविच को 7-6, 7-5 से पराजित किया और अब दूसरे दौर में उनका सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा। रूस की वेरोनिका कुद्रेमेतोवा ने बारबोरा क्रेजसिकोवा को 5-7, 6-4, 6-4 से मात देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया जिसमें उनका सामना एलीना रिबाकिना से होगा। सबालेंका, गॉफ, स्वियातेक और रिबाकिना को पहले दौर में बाई मिली है।




# लकी ड्रा में खुली पाठकों की किस्मत, कार, फ्रीज, टीवी के मिले पुरस्कार

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना में हजारों पाठकों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि समाचार पत्र खबरों के साथ पाठकों के लिए समय-समय पर पुरस्कार योजनाएं भी लाता है, जिसमें हरिभूमि के पाठकों को इनाम दिए जाते हैं। ऐसी ही पाठक पुरस्कार योजना का मंगलवार को हरिभूमि कार्यालय में लकी ड्रा निकाला गया। ड्रा में हजारों की संख्या में पाठक के कूपन फॉर्मेट कार्यालय में प्राप्त हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में खन्ना न्यूज एजेंसी, रायपुर के सेनापति खन्ना व सुमित ग्रुप के डॉयरेक्टर नमित कांकरिया व राजेश पब्लिसिटी, रायपुर की डॉयरेक्टर इंदिरा जैन एवं हरिभूमि के महाप्रबंधक अनिल गहलावत, हरिभूमि के समन्वय संपादक ब्रह्मवीर सिंह, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, महाप्रबंधक अनंत राम साहू व हरिभूमि के मार्केटिंग मैनेजर संजय बनवासी व आईएनएच के मार्केटिंग मैनेजर आदर्श श्रीवास्तव की उपस्थिति में लकी ड्रा से एक-एक कर इनामों के कूपन से पाठकों का नाम निकला गया। इस लकी ड्रा में निकले विजेताओं को हरिभूमि द्वारा कार फ्रीज, टीवी, इंडक्शन कुकर, मिक्सर ग्राइंडर, रूम हीटर, कैटल बॉक्स सहित संत्वाना पुरस्कार दिए जाएंगे।

## ड्रा से निकाले गए पाठकों के नाम, हजारों को मिलेगा पुरस्कार






## बिलासपुर में निकाला गया ड्रा

बिलासपुर। पाठक पुरस्कार योजना का गौरव पथ स्थित हरिभूमि कार्यालय में लकी ड्रा निकाला गया, इस ड्रा में हजार से अधिक पाठकों के फॉर्मेट कार्यालय में प्राप्त हुए। हरिभूमि के समर्पित न्यूज़पेपर एजेंट ने एक-एक कर इनामों के कूपन निकाले। इस लकी ड्रा में निकले विजेताओं को हरिभूमि द्वारा कार फ्रीज,टीवी,इंडक्शन कुकर, मिक्सर ग्राइंडर,रूम हीटर, कैटल बॉक्स सहित संत्वाना पुरस्कार दिए जाएंगे। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, सहायक महाप्रबंधक मनीष त्रिपाठी, प्रसार प्रबंधक बालकिशन सोनी, राकेश मानिकपुरी, नवीन सोनी, विक्रम निर्मलकर, शैलेन्द्र पांडेय, रेखा साहू,न्यूज पेपर एजेंट भरत साहू, रणधीर राय, पवन सोनी, ओमकार सिंह, कोमल गोस्वामी, खोरबहरा देवांगन,प्रहलाद कोरी, राजेश साहू, शिव तिवारी, भरत क्षत्री सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पारदर्शिता से होता है ड्रा

एजेंट भरत यादव ने कहा कि इनाम देने के साथ इनाम घोषित करने की प्रक्रिया भी हरिभूमि में पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी की जाती है। जिसमें पाठकों का एक-एक कूपन को सभी एजेंट के सामने रखकर ड्रा निकाला जाता है।

### बरकरार रखना जरूरी

एजेंट रणधीर राय ने कहा कि योजना हर अखबारों में निकलती रहती है, मगर हरिभूमि की पाठक योजना वर्षों से चल रही है। अब तक इसे बरकरार रखा गया है,यह बेहद महत्वपूर्ण है। इससे पाठकों ▶▶| शेष पेज 3 पर

## हजारों पाठकों ने लिया हिस्सा

पाठकों को हरिभूमि पुरस्कार योजना का बेसब्री से इंतजार रहता है। यही वजह रही कि हरिभूमि की पाठक पुरस्कार योजना को लेकर पाठकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आकर्षक इनाम प्राप्त करने के लिए हजारों पाठकों ने नाम व पता सहित कूपन हरिभूमि कार्यालय में जमा किया था। अतिथियों के समक्ष लकी ड्रॉ में नाम निकालने के साथ इनाम घोषित करने की पूरी प्रक्रिया हरिभूमि में पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी की गई। कार्यालय में पाठकों के एक-एक कूपन को टेबल पर रखा गया था, जिसके बाद अतिथियों ने खुद से ढूंढकर कूपन निकाला।

## रायपुर के पाठक को मिली कार

पुरस्कार योजना में प्रथम पुरस्कार कार थी। लकी ड्रा में अरविन्द ठाकुर पिता राम दुलारे ठाकुर, जंघेल प्लाजा, मंडी गेट, पंडरी, रायपुर नाम का कूपन निकाला गया। द्वितीय पुरस्कार एलईडी टीवी 4 नग शारदा जायसवाल, ज्वाली नाला, तेलीपारा रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ व रामचंद्र प्रजापति सुपुत्र श्री कृष्ण पाल प्रजापति, आदर्श नगर, हिसार, हरियाणा, भीषम कुमार नगरची पिता प्रेमसिंग नगरची, देवगांव, छुइहा बेलर (छग) व दिनेश कुमार वर्मा पिता राधेश्याम वर्मा, गोकुल नगर, रायपुर (छग) का नाम लकी ड्रा में निकला है।

## तृतीय पुरस्कार में इन्हें मिलेगा रेफ्रिजरेटर

सूरज सिंह क्षत्री, सतपाल भवन, 27 खोली, बिलासपुर (छ.ग.), शंकर लाल तिवारी, स्कूल पारा, वैशाली नगर, कुसमुंडा, कोरबा (छ.ग.), रमन सिहाग सुपुत्र रामेश्वर सिहाग हालू बाजार भिवानी (हरियाणा), मोईन अ. खान पिता जी. एम खान माकन नंबर-646, सड़क-7, शांति नगर, भिलाई नगर (छ.ग.), भावेश पाल पिता संतोष पाल, मठपुरेना, रायपुर (छ.ग.)।

## चतुर्थ पुरस्कार में तीन फाटकों को वॉशिंग मशीन

महामाया स्टेशनरी एंड स्पोर्ट्स, स्कूल रोड, हनुमान मंदिर के पास, अंबिकापुर (छ.ग.), बसंत लाल भार्गव सुपुत्र शिवदयाल भार्गव, रेवाड़ी रोड, दुकान नारनौल (हरियाणा), मनोज चंद्राकर पिता नेमकरण चंद्राकर, झुरानगांव, बारना, कुरुद, धमतरी (छ.ग.)।

## पाठको को दिया जाएगा संत्वाना पुरस्कार

लकी ड्रा में जिनका नाम निकला है उन्हें पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही जिन पाठकों ने कूपन कार्यालय में जमा किया उन पाठकों को भी हरिभूमि की ओर से संत्वाना पुरस्कार दिया जाएगा। इसकी घोषणा जल्द हरिभूमि में प्रकाशित की जाएगी। नाम जानने के लिए हरिभूमि पढ़ते रहें।

## पांचवा पुरस्कार में माइक्रोवेव

संगीता अग्रवाल, खरसिया रोड, वार्ड नंबर-1, सक्ती (छ.ग.), दिपांशु रंजन सुपुत्र रमेश कुमार म.नं. 301/1 वार्ड नं. 2 संजय कॉलोनी, रोहतक (हरियाणा), रवि कुमार वर्मा पिता डी. पी. वर्मा, मोहदी, फारेस्ट कॉलोनी, मगरलोड, धमतरी (छ.ग.)।

## छठा पुरस्कार में गैस स्टोव

नीलेश कुमार पटवा, बाज़ार पारा, पटना, कोरिया (छ.ग.), मुन्ना लाल साहू, एनकेजे, कटनी (म.प्र.), श्याम लाल (सोरी) ठाकुर पिता उदय सिंह सोरी (ठाकुर), वार्ड नंबर-5, आमादार पारा डौंडी, दल्लीराजहरा बालोद (छग), पुनीत राम साहू पिता धुर्रहा राम साहू, चन्दनबिरही, चिटॉद, धमतरी (छग)।

## सातवां पुरस्कार में इंडक्शन

धन्नू राम वाघकार, जरहागांव, मुंगेली (छ.ग.), ब्रिजेश कुमार जायसवाल, पुरानी बस्ती, कटघोरा, कोरबा (छ.ग.), रीतू मांझी, फुन्दुलडिहारी, महुआपारा, अंबिकापुर (छ.ग.), महेश राम देवांगन, सेठी नगर, चक्रधर नगर. रायगढ़ (छ.ग.), राजेंद्र प्रसाद शर्मा, सुपुत्र श्री रामपत राम शर्मा, राव तुलाराम विहार, रेवाड़ी (हरियाणा), श्री वेदप्रकाश सुपुत्र श्री गोपीराम, गांव व डा. रोहण, तह. खरखौदा, सोनीपत (हरियाणा), विकाश साहू पिता श्रीराम साहू , माँ कर्मा वार्ड.न.02, कवर्धा (छ.ग.), पूरण महानंद पिता गरसा महानंद सिचाई कॉलोनी रायपुर (छ.ग.), अजय कुमार पिता स्व. केशव प्रसाद, शांति नगर भिलाई (छ.ग.), घनाराम राम नेताम पिता दीनदयाल नेताम, प्लाट -182/3, वी.आई.पी. नगर भिलाई (छ.ग.), ओम प्रकाश देवांगन पिता जतीराम देवांगन, मुक्ति धाम राम नगर भिलाई (छ.ग.), रामेश्वर दावले पिता के.एल.दावले मकान नं 64, राजवीर नगर, सेमराकलां (म.प्र.)।

## आठवां पुरस्कार में हीटर 6 नग

नरेश साहू, मेन रोड, जरोधा, तखतपुर (छ.ग.), अरविंद कुमार खटीक ग्राम कागपुर जिला विदिशा (म.प्र.), रजनीश कुमार जैन, महेंद्र कुमार जैन वार्ड नंबर 5 कोतमा (म.प्र.), पूर्वांशी सुपुत्री सोमबीर गांव दगड़ोली, बाढ़ड़ा, चरखी दादरी (हरियाणा), भूषण लाल ध्रुव पिता सुखु राम ध्रुव, सुरभि विहार कॉलोनी, मचेवा महासमुंद (छ.ग.), रीमन साहू पिता पुलस्य कुमार, डिपोपारा, सोरिद, धमतरी (छ.ग.)।










Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offer amount & combination of offers may vary as per model. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. *Terms & Conditions apply. #Starting Ex-showroom Price of HF-100 in Raipur.

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबाः शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी 7428598931, चौराः ओम ऑटो एजेंसीः 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुगेलीः महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्सः 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स 9407742601, 8827674000, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स लिए संपर्क करेंः अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्क्स्ः उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000 Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com